

हरिभूमि
# रायपुर भूमि

### सबसे बुरी स्थिति पचपेड़ी नाका की

ट्रैफिक की सबसे बुरी स्थिति पचपेड़ी नाका के पास की रही। पचपेड़ी नाका चौक की सड़कें संकरी होने की वजह से संतोषी नगर मोड़ तथा धमतरी मोड़ के पास जाम की स्थिति रही। पचपेड़ी नाका चौक के रास्ते भिलाई, दुर्ग तथा धमतरी मार्ग की बसें चलती हैं। इसके कारण भी इस मार्ग पर जाम की स्थिति रही।

### डीडीनगर के ज्यादातर मार्ग बंद

राष्ट्रपति के आगमन को देखते हुए रिंग रोड तथा एम्स, यूनिवर्सिटी से जुड़े डीडीनगर मार्ग के ज्यादातर सेक्टर के मार्ग में बांस-बल्ली लगाकर आवाजाही रोक दी गई थी। इससे डीडीनगर तथा आसपास के रहवासियों को आवाजाही करने में परेशानी का सामना करना पड़ा।

# वीवीआईपी काफिले के लिए रुका ट्रैफिक, आज भी कई मार्ग रहेंगे बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिवसीय प्रवास पर शुक्रवार को सुबह 11 बजे रायपुर पहुंचीं। राष्ट्रपति के आगमन के बाद उनके आने-जाने वाले मार्ग पर बैरिकेडिंग कर आम-लोगों की आवाजाही पर अलग-अलग पार्ट में रोक लगाई गई। इसके कारण रिंग रोड में सुबह 11 से दोपहर एक बजे तक तथा दोपहर तीन से शाम छह बजे के बीच जाम की स्थिति रही। रिंग रोड में भारी वाहनों की आवाजाही के कारण ट्रैफिक की रफ्तार काफी धीमी रही।



### भारी वाहनों की वजह से बढ़ी परेशानी

पचपेड़ी नाका से लालपुर, माना में ट्रैफिक स्लो होने की बड़ी वजह ट्रकों की आवाजाही रही। राष्ट्रपति के आगमन के कारण इन मार्गों पर आवाजाही पर रोक लगाई गई थी। राष्ट्रपति का काफिला गुजरने के बाद लोगों की आवाजाही शुरू होने के बाद रास्ते में भारी वाहनों की मौजूदगी से जाम की स्थिति रही। भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक के निर्देश का सख्ती से पालन होता, तो जाम की स्थिति निर्मित नहीं होती।

## खबर संक्षेप

### सूने मकान से नकदी-जेवर पार, 5 लाख की चोरी

**रायपुर।** मुजगहन थाना में केंद्रीय गृह मंत्रालय के एक कर्मचारी ने अज्ञात चोर के खिलाफ नकदी 50 हजार रुपए सहित पांच लाख रुपए से ज्यादा कीमत की सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कांदुल रोड स्थित वॉलफोर्ट पैराडाइज निवासी प्रवीण कुमार सिवान ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। प्रवीण ने पुलिस को बताया कि एक सप्ताह पूर्व 19 अक्टूबर को वह अपने परिवार सहित दिल्ली गया था। गुरुवार को पड़ोसी ने प्रवीण को उसके मकान में चोरी होने की सूचना दी।

### मकान खाली करने के एवज में मांगे 10 लाख

**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाने में एक महिला अपने किराएदार के खिलाफ मकान खाली करने के एवज में 10 लाख रुपए मांग करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। खुशी वाटिका निवासी सुगंधा सिंह भंडारी ने संजय सिंह तथा अनिल मोहंती के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने आरोप लगाया है कि दोनों उनके परिचित हैं, इसलिए उन्हें रहने के लिए अपने मकान को किराए पर दिया था। दोनों किराएदार अब मकान अपना है, कहकर मकान खाली करने के एवज में पैसों की मांग कर रहे हैं।

### शादी का झांसा देकर रेप, फिर किया इंकार

**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाने में एक युवती ने एक युवक के खिलाफ शादी का झांसा देकर अपने प्रेमजाल में फंसाकर एक साल से रेप करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अमलीडीह निवासी 29 वर्षीय युवती ने सुजीत निराला के खिलाफ रेप करने की शिकायत दर्ज कराई है। युवती ने पुलिस को बताया कि उसने सुजीत पर शादी करने दबाव बनाया तो सुजीत ने युवती के साथ शादी करने से इंकार कर दिया।

### सास ने पैसे नहीं दिए तो अपने बेटे पर किया हमला

**रायपुर।** आरंग थाने में एक महिला ने अपने दामाद के खिलाफ घर जाने पैसे नहीं देने पर बेटे के सिर पर पत्थर से जानलेवा हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। शकुंतला बघेल ने सुनील बंजारे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। शकुंतला ने पुलिस को बताया कि उसकी छोटी बहन अपने पति सुनील के साथ एक विवाह समारोह में शामिल होने आई थी। सुबह घर जाने सुनील ने अपनी सास, शकुंतला की मां से पैसे मांगे। शकुंतला की मां ने पैसे नहीं होने की बात कही तो सुनील ने पास रखे पत्थर से बिस्तर में सो रहे अपने बेटे के सिर पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

### 15 जुलाई से हट चुका है एनजीटी का प्रतिबंध, फिर भी राहत नहीं

# रेत घाटों पर भरा पानी, इसलिए खनन का काम धीमा, 10 दिन में केवल 2 रुपए गिरी कीमत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रेत घाटों पर एनजीटी का प्रतिबंध हटने के 10 दिन बाद भी रेत की बढ़ी कीमत से लोगों को ज्यादा राहत नहीं मिल पाई है। 15 तारीख से रेत घाटों पर उत्खनन का काम शुरू हो चुका है। इसके बावजूद रेत की कीमत में सिर्फ 2 रुपए की ही गिरावट आई है, जिसके बाद मीडियम रेत प्रति फीट 24 से घटकर 22 रुपए और बारीक रेत 30 रुपए से घटकर 28 रुपए हो गई है।

इधर घाट खुलने के बाद भी रेत की कीमत नहीं गिरने का कारण नदी घाट में भरा पानी बताया जा रहा है। रेत कारोबारियों का कहना है कि इस साल अच्छी बारिश हुई है, जिससे घाटों में पानी भरा हुआ है। इस वजह से रेत उत्खनन का काम सामान्य दिन की तुलना में 20 प्रतिशत ही हो रहा है। इस कारण रेत की सप्लाई भी बहुत कम हो पा रही है। नदी का पानी उतरने के बाद ही उत्खनन के काम में ⏭ शेष पेज 17 पर

हरिभूमि सरोकार

### 13 में से 9 रेत घाटों को राज्य पर्यावरण विभाग से मिली हुई है एनओसी



### एक-दो महीने तक कीमत में ज्यादा गिरावट की संभावना कम

पानी भराव के कारण घाटों पर जिस तरह से उत्खनन का काम धीमी गति से चल रहा है, उससे देखते हुए कारोबारी यही संभावना जता रहे हैं कि करीब एक-दो महीने तक रेत की कीमत में ज्यादा गिरावट नहीं आएगी। पचपेढ़ी नाका स्थित ट्रेडर्स दुकान के संचालक महेंद्र साहू ने बताया कि घाट जरूर खुल गए है, लेकिन सप्लाई अभी भी बहुत कम है, जिसके कारण रेत की कीमत में ज्यादा गिरावट नहीं आई है। सप्लाई कम होने के कारण वे रेत का ऑर्डर भी ज्यादा नहीं ले पा रहे हैं।

### अधूरे मकानों को पूरा करने लोगों को करना होगा अभी और इंतजार

राजधानी रायपुर सहित जिले के कई ग्रामीण क्षेत्रों में गर्मी के सीजन में नये घर का सपना लिए कई लोगों ने मकान का निर्माण कार्य प्रारंभ कराया था। बारिश के सीजन में रेत की कीमत में आई बेतहाशा वृद्धि के कारण इनमें से कई लोगों ने मकान का निर्माण कार्य ही रुकवा दिए हैं। ये लोग तब से रेत की कीमत घटने का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि इन लोगों को सपनों का मकान का निर्माण पूरा करने के लिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा, क्योंकि रेत की कीमत में जो गिरावट आनी थी, वह उतनी नहीं आई जितनी सामान्य दिनों में उसकी कीमत रहती है।

# बाबा, बैगाओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी कथावाचक जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गरियाबंद पुलिस ने आदिवासियों के आराध्य बाबा, बैगाओं को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में कथावाचक समेत दो को गिरफ्तार कर शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया। अनुसूचित जाति, जनजाति विशेष न्यायालय, रायपुर ने दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का फैसला सुनाया है। गरियाबंद एएसपी जितेंद्र चंद्राकर के मुताबिक बाबा, बैगाओं तथा आदिवासी संस्कृति को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में कथावाचक आचार्य युवराज पांडेय तथा तुषार मिश्रा को गिरफ्तार किया गया है। इन दोनों के खिलाफ अमलीपदर में देव दशहरा में बाबा, बैगाओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है। ग्रामीणों ने दोनों कथावाचकों के खिलाफ 14 अक्टूबर को थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने बीएनएस की धारा 126 (2) 290, 3(5) तथा 3 (1)- एन अनुसूचित जाति, जनजाति अधिनियम की धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है। गौरतलब है कि युवराज पाण्डेय का यूट्यूब चैनल है, जिसमें उनके सैकड़ों की संख्या में फॉलोवर हैं।



### हुआ था हंगामा

इस मामले में पुलिस द्वारा कार्रवाई में विलंब को लेकर ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया था। अमलीपदर थाने का घेराव करते हुए आक्रोशित ग्रामीणों ने तत्काल गिरफ्तारी की मांग की थी।

# गैंगस्टर अमन साव की रिमांड अवधि तीन दिनों के लिए बढ़ाई गई



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

तेलीबांधा थाना क्षेत्र में दो माह पूर्व फिरौती के लिए कारोबारी समूह पीआरए ग्रुप की कार में फायरिंग कराने के आरोप में गिरफ्तार झारखंड के गैंगस्टर अमन साव की कोर्ट ने न्यायिक रिमांड की अवधि तीन दिनों के लिए बढ़ा दी है। रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद शुक्रवार को अमन में कोर्ट में पेश किया गया। गौरतलब है कि पीआरए ग्रुप में ⏭ शेष पेज 17 पर

### एप के जरिए जेल से ऑपरेट

गंज, तेलीबांधा घटना की जांच कर रही पुलिस ने अपनी जांच में पाया कि अमन साव जेल के अंदर से सोशल मीडिया एप के माध्यम से अपने गुर्गों को दिशा निर्देश जारी करता था। एप के माध्यम से अपने गुर्गों को फिरौती के लिए कारोबारियों को कॉल करने के लिए कहता था। तेलीबंधा तथा गंज थाना क्षेत्र के मामले में अमन से पूछताछ में पुलिस कोई सफलता हासिल नहीं कर पाई है।

### कोरबा पुलिस भी अमन को रिमांड में लेने की तैयारी में

गौरतलब है कि अमन साव के गुर्गों ने फिरौती के लिए पहली वारदात कोरबा में वर्ष 2023 में की थी। अमन के गुर्गों ने कोल कारोबार से जुड़े कारोबारी समूह के ऑफिस के बाहर शूट आउट की घटना को अंजाम दिया था। उस घटना में अमन के खिलाफ कोरबा में नामजद अपराध दर्ज है। शूट आउट की घटना के संबंध में कोरबा पुलिस भी अमन को रिमांड में लेने की तैयारी कर रही है।

# रेल नीर बोतल से फिर हॉलमार्क गायब होने की मिली शिकायत

12 बोतलों की पैकिंग में दो में लीकेज



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रेल नीर की बोतल में एक बार फिर हॉलमार्क गायब होने की शिकायत आईआरसीटीसी को मिली है। बीते वर्ष रेलवे प्रशासन ने बिलासपुर के सिरगिट्टी स्थित प्लांट में बोतल की पैकिंग के दौरान ढक्कन व सील के ऊपर हॉलमार्किंग का आदेश दिया था। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन की ट्रेनों व पेंट्रीकार में केवल रेल नीर पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर की बिक्री करने की ⏭ शेष पेज 17 पर

### ज्यादातर यात्री नहीं देखते हॉलमार्क

बोतल में हॉलमार्क है या फिर नहीं, इसकी जांच ज्यादातर यात्री नहीं करते, लेकिन कुछ जागरूक यात्री लगातार स्टाल व फूड यूनिट से पानी बोतल खरीदते समय हॉलमार्क जरूर देखते हैं। इस पर स्टॉल संचालकों को समस्या बतानी पड़ती है। उन्हें बताया जाता है कि प्लांट से ही बाटल इसी तरह आ रहे हैं। चाहें तो इसकी ⏭ शेष पेज 17 पर

### प्लांट की लापरवाही की वजह से नुकसान

रेल नीर की कीमत 15 रुपये है। स्टॉल संचालकों को इतने में ही बेचने के निर्देश हैं, लेकिन लीकेज की वजह से उनकी लागत व मुनाफा दोनों का नुकसान हो रहा है। दरअसल जब स्टाक में रेल नीर मंगाते हैं, तो उन्हें प्रति बाटल 10 रुपये पड़ता है, जिसे बेचकर पांच रुपये मुनाफा कमाते हैं। प्लांट की लापरवाही की वजह से उन्हें नुकसान सहना पड़ रहा है।




### एमबीबीएस की 72, बीडीएस की 41 सीटों का हुआ आवंटन

# हाईकोर्ट के आदेश पर एमबीबीएस-बीडीएस के मॉपअप राउंड में प्रवेश शुरू, अंतिम तिथि 29 अक्टूबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

एनआरआई कोटे के विद्यार्थियों को हाईकोर्ट द्वारा राहत देने के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग ने एमबीबीएस-बीडीएस की पेंडिंग मॉपअप राउंड में प्रवेश की प्रक्रिया पुनः प्रारंभ कर दी है। शुक्रवार से शुरू हुई स्क्रूटनी और एडमिशन का दौर 29 अक्टूबर तक पूरा किया जाएगा। पहले मॉपअप में एमबीबीएस की खाली 72 तथा बीडीएस की 41 सीटों का आवंटन किया गया है।

पूर्व शेड्यूल के अनुसार चिकित्सा शिक्षा विभाग ने मॉपअप राउंड की प्रक्रिया शुरू की थी। दो राउंड के बाद बची एमबीबीएस और बीडीएस की सीटों के लिए विद्यार्थियों ⏭ शेष पेज 17 पर



### एमडीएस सीटों के लिए 6 उम्मीदवार

स्ट्रे वैकेंसी राउंड पूरा होने के बाद निजी डेंटल कालेजों में एमडीएस की कुल 18 सीटें बच गई हैं। काउंसिलिंग पूरी होने के बाद शेष 6 लोगों की सूची इन निजी डेंटल कालेजों को सौंप दी गई है। उन्हें निर्देशित किया गया है कि इस सूची के आधार पर कालेज प्रबंधन अपने एडमिशन की प्रक्रिया को पूरी कर विभाग को अवगत कराएं।

### विभागीय त्रुटि से एक छात्र का आवंटन रद्द

काउंसिलिंग कमेटी द्वारा आवंटन सूची तैयार करने के दौरान की गई त्रुटि की वजह से एक छात्र को निजी डेंटल कालेज में यूआर की सीट अलॉट हो गई थी। मामले में आने वाली आपत्ति के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग ने उस अलॉटमेंट को रद्द करने का आदेश जारी कर दिया है। छात्र को 141 अंक में बीडीएस की सीट अलॉट कर दी गई थी, जबकि एडमिशन के लिए न्यूनतम अंक 162 तय था।


LAVISH LIFE
LUXURY FURNITURE & HOME DECOR
LAVISH LIFE
LUXURY FURNITURE & HOME DECOR
COMPLETE DISPLAY RANGE OF
IMPORTED & INDIAN FURNITURE
FESTIVAL DISCOUNT
UP TO 70%*
Luxury L shape sofa set
Customised furniture, Bedroom set , Wardrobe, Luxury Sofa Set ,
Modular kitchen , Dining Table Set, Centre Table and Complete Interior solution available
Marble Dining Table
luxury bedroom set
0%
EMI INTEREST
luxury L Sofa set
Premium Modular Kitchen
Onyx Marble Dining Table
luxury bedroom set
Center Table
Console
Dressing Table
Center Table
jhulla
Khanna
टर्निंग पाईंट चौक शंकर नगर की ओर
अवंतिबाई चौक लोधीपारा
मेन रोड पन्डरी
LAVISH LIFE
100 मीटर की दूरी पर
Beside Mowa Bridge, Near Lodhipara Chowk, Main Road
Pandri, Raipur, Mo.: 6268432718 , 8746825528
Scan For Google Location

## खबर संक्षेप

### ग्रीन सफायर के अध्यक्ष बने अवस्थी, राठी उपाध्यक्ष



**रायपुर।** विधानसभा रोड स्थित सफायर ग्रीन कॉलोनी में सफायर विला कैंपस समिति का चुनाव, समिति के ऑफिस क्लब हाउस में को-ऑपरेटिव सोसाइटी से निधि पांडे एवं निर्वाचन से सुमित की उपस्थिति में निर्विरोध एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। जहां दिनेश अवस्थी को अध्यक्ष एवं संजय राठी को उपाध्यक्ष चुना गया। सचिव राजीव जैन, कोषाध्यक्ष सारिका गुप्ता, संयुक्त उपाध्यक्ष दीपक माहेश्वरी, संयुक्त सचिव लव बंसल को चुना गया। एसके पाठक,विजय दुआ,नरेश मलंग एवं तारिणी वर्मा को सदस्य के रूप में चुना गया।

### 'एक अच्छा काम' की पहल दृष्टिबाधितों को भेंट की सामग्री



**रायपुर।** युवा समाजसेवी हर्षित सिंघानिया ने अपनी सामाजिक पहल 'एक अच्छा काम' के तहत हीरापुर स्थित प्रेरणा ब्लाइंड स्कूल का दौरा किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दृष्टिबाधित बच्चियों के साथ समय बिताना और उनकी जरूरतों को समझना था। इस दौरान हर्षित ने बच्चियों को स्नैक्स बॉक्स भेंट किए और उनके साथ आत्मीय बातचीत की। स्कूल की वार्डन ने बताया कि स्कूल का पुराना फर्नीचर बहुत खराब स्थिति में है, जिससे बच्चियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर हर्षित ने तुरंत नया फर्नीचर दिलवाने का वादा किया, ताकि बच्चियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कार्यक्रम में हर्षित के पिता सुबोध सिंघानिया और सिंघानिया ग्रुप के निदेशक विशाल देशपांडे भी मौजूद थे।

# प्रदेश भाजपा संगठन की चुनावी तैयारी प्रारंभ, जिलों के निर्वाचन अधिकारी तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा के संगठन चुनाव की तैयारी प्रारंभ हो गई है। भाजपा संगठन चुनाव के तहत बूथ कमेटियों के गठन के बाद मंडल, जिला और फिर प्रदेश संगठन का चुनाव होगा। प्रदेश के चुनाव के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा। प्रदेश चुनाव अधिकारी खूबचंद पारख ने प्रदेश में संगठन चुनाव के जिला संगठन चुनाव अधिकारियों और सह-अधिकारियों की नियुक्ति कर दी है। सबसे पहले 20 से 30 नवंबर तक बूथ कमेटियों का चुनाव होगा। इसके बाद दिसंबर में मंडल और जिलों का चुनाव होगा। जिला चुनाव अधिकारियों और सह-अधिकारियों में रायपुर शहर जिला चुनाव अधिकारी शिवरतन शर्मा, सहायक अधिकारी राजीव अग्रवाल, प्रफुल्ल विश्वकर्मा, रायपुर ग्रामीण जिला चुनाव अधिकारी मोतीलाल साहू, सहायक अधिकारी संजय ढीढी, गुलाब टिकरिहा, बलौदाबाजार जिला चुनाव अधिकारी डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी, सहायक अधिकारी डॉ. अजय राव, आनंद यादव, गरियाबंद जिला चुनाव अधिकारी श्रीचंद सुंदरानी, सहायक अधिकारी रिखीराम यादव, अनिल चंद्राकर, महासमुंद जिला चुनाव अधिकारी जगदीश (रामू) रोहरा, सहायक अधिकारी ऐतराम साहू, विपिन उपवेजा, धमतरी जिला चुनाव अधिकारी जगन्नाथ पाणिग्रही, सहायक अधिकारी रामस्वरूप साहू, नागेंद्र शुक्ला, भिलाई जिला चुनाव अधिकारी गौरीशंकर अग्रवाल, सहायक अधिकारी रेखराम बंछोर, खिलावन साहू बनाए गए हैं।

## पहले चरण में बूथों की कमेटियों का होगा गठन

### दुर्ग के चुनाव अधिकारी सवन्नी

इसी तरह से दुर्ग जिला चुनाव अधिकारी भूपेंद्र सवन्नी, सहायक अधिकारी उषा टावरी, सुरेंद्र कौशिक, बेमेतरा जिला चुनाव अधिकारी भरतलाल वर्मा, सहायक अधिकारी राजेंद्र शर्मा, नरेंद्र वर्मा, बालोद जिला चुनाव अधिकारी नीलू शर्मा, सहायक अधिकारी राकेश यादव (छोटू), लोकेश श्रीवास्तव, राजनांदगांव जिला चुनाव अधिकारी संजय श्रीवास्तव, सहायक अधिकारी राजेंद्र गोलछा, दिनेश गांधी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला चुनाव अधिकारी रामकुमार भट्ट, सहायक अधिकारी दिलीप वर्मा, नम्रता सिंह, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिला चुनाव अधिकारी चंदूलाल साहू, सहायक अधिकारी टीके चंदेल, विरेंद्र जैन, कवर्धा जिला चुनाव अधिकारी रजनीश सिंह, सहायक अधिकारी संतोष पटेल, नितेश अग्रवाल बनाए गए हैं।

### बस्तर के चुनाव अधिकारी विक्रम उसेंडी

कांकेर जिला चुनाव अधिकारी लक्ष्मी वर्मा, सहायक अधिकारी हलधर साहू, सुमित्रा मारकोले, कोण्डागांव जिला चुनाव अधिकारी सुभाऊ कश्यप, सहायक अधिकारी सेवकराम नेताम, प्रवीरसिंह बदेशा, नारायणपुर जिला चुनाव अधिकारी श्रीनिवास राव मद्दी, सहायक अधिकारी बिंदेश्वर महावीर, सुख्खूराम नरेटी, बस्तर जिला चुनाव अधिकारी विक्रम उसेण्डी, सहायक अधिकारी श्रीधर ओझा, वेदप्रकाश नर्सिंग, दंतेवाड़ा जिला चुनाव अधिकारी बैदूराम कश्यप, सहायक अधिकारी अभिमन्यु सोनी, संतोष गुप्ता।

### बिलासपुर के चुनाव अधिकारी अनुराग सिंहदेव

बिलासपुर जिला चुनाव अधिकारी अनुराग सिंहदेव, सहायक अधिकारी कृष्णकुमार कौशिक, जयश्री चौकसे, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिला चुनाव अधिकारी लखनलाल साहू, सहायक अधिकारी लालजी यादव, सुश्री समीरा पैकरा। मुंगेली जिला चुनाव अधिकारी मधुसूदन यादव, सहायक अधिकारी भूपेंद्र सिंह ठाकुर, विक्रम मोहले, सक्ती जिला चुनाव अधिकारी कृष्णा राय, सहायक अधिकारी घनश्याम साहू, नेतराम चंद्रा, जांजगीर-चांपा जिला चुनाव अधिकारी जोगेश लाम्बा, सहायक अधिकारी लीलाधर सुल्तानिया, नंदनी राजवाड़े। कोरबा जिला चुनाव अधिकारी राजा पाण्डेय, सहायक अधिकारी संजय भावनानी, गोपाल मोदी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला चुनाव अधिकारी सौरभ सिंह, सहायक अधिकारी मनोज जायसवाल, पुनीत चौहान को बनाया गया है।


## निगम द्वारा बाजार को अक्टूबर में शुरू करवाने की गई तैयारी फेल

# 15 बीएसयूपी कॉलोनियों में युवाओं का मार्केट अधूरा जोन आयुक्तों ने अभी नहीं दी काम पूरा होने की रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बीएसयूपी कॉलोनियों में शिफ्ट किए गए 12 हजार से ज्यादा परिवारों को अक्टूबर में कैंपस में ही जरूरी सामान उपलब्ध कराने का दावा फेल हो गया है। सभी बीएसयूपी का निर्माण आउटर में होने से लोगों को दो से तीन किलोमीटर दूर जरूरी सामान के लिए दिन में कई बार चक्कर लगाना पड़ रहा है। इससे राहत देने के लिए निगम द्वारा बाजार बनवाने के लिए शुरू की गई पहल ठंडे बस्ते में है। इतना ही नहीं, जिन सात जोन आयुक्तों को 15 कॉलोनियों में मार्केट डेवलप करने 90 लाख रुपए दिया, उन्होंने अभी प्रोजेक्ट पूरा होने की रिपोर्ट ही मुख्यालय को नहीं दी है।

स्मार्ट सिटी में तय योजनाओं को पूरा करने और सड़क चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण के लिए कई झुग्गी बस्तियों को हटाने के बाद निगम ने उन्हें आउटर की बीएसयूपी कॉलोनियों में विस्थापन दिया। करीब 15 साल में जिन कॉलोनियों में लोगों को फ्लैट दिया गया, वहां रहने वाले 12 हजार से ज्यादा परिवारों को घरेलू सामान के साथ इलेक्ट्रिशियन, नाई, धोबी, सब्जी, मेडिकल व जनरल सामान के लिए दो से तीन किलोमीटर दूर आना-जाना पड़ता है। इससे समय व वाहन के ईंधन की बर्बादी हो रही है। इससे राहत देने की मुहिम भी अभी तक अधूरी है।



### नए साल में मिलेगी सुविधा

अभी तक विभिन्न जोन क्षेत्र में बनवाई गई 24 बीएसयूपी कॉलोनियों में 12 हजार से ज्यादा परिवारों को शिफ्ट किया गया है। इनके आस -पास जरूरी सामान खरीदने के लिए हर बीएसयूपी में 5-5 दुकानों का निर्माण शुरू करने के बाद एजेंसियों ने उसको पूरा नहीं किया हैं। निगम सूत्रों ने बताया कि अभी सिर्फ जोन -8 में प्रस्तावित दुकानों का काम ही पूरा हुआ है, लेकिन दुकानों का आवंटन स्थानिय युवाओं को अभी नहीं किया गया है। इस प्रक्रिया को पूरा करने में अभी दो महीने से ज्यादा लगने वाला है,यानी नए साल में ही सुविधा मिलेगी।

### काम पूरा होने की जानकारी नहीं

जिन सात जोन आयुक्तों को बाजार विकसित करने के लिए फंड जारी किया गया था, उनमें से सिर्फ जोन 8 ने निर्माण पूरा होने की जानकारी दी है। सभी जगह काम पूरा होने के बाद युवाओं को दुकान आवंटन की प्रक्रिया तय नियम के तहत निगम द्वारा की जाएगी।

**- विवेकानंद दुबे**
उपायुक्त, नगर निगम, रायपुर

### निगम ने की है यह प्लानिंग

प्रत्येक बीएसयूपी कॉलोनी में 5 दुकानों का निर्माण करवाने पर 6-6 लाख रुपए का खर्च किया जा रहा है। इसका आंकलन करने के बाद ही बजट मांगा गया था। इनमें से पहले फेज में 15 कॉलोनियों के लिए निगम के जिम्मेदारों ने 90 लाख रुपए जोन आयुक्तों को जारी किया है। इनमें जोन 01, 02 व चार शामिल नहीं हैं। इनके अलावा जोन 03, 05, 06, 07, 08, 09 और 10 में पहले फेज में 15 जगह मार्केट आकार भी नहीं ले पाया है। इन दुकानों को कॉलोनी में रहने वाले शिक्षित युवाओं को ही अलॉटमेंट किया जाना है।

### राष्ट्रपति का आकाश विग ने किया स्वागत



**रायपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु दो दिवसीय प्रवास पर शुक्रवार को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर पहुंचीं। राजभवन में भाजपा नेताओं के साथ युवा नेता आकाश विग ने भी राष्ट्रपति से भेंट की और उन्हें पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

## शराब पीने पैसा नहीं देने पर बदमाश ने पलट दिया गुपचुप ठेला, वीडियो वायरल






हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टिकरापारा थाने की पुलिस ने शराब पीने पैसा नहीं देने पर चाकू से हमला करने, धमकी देने तथा गुपचुप ठेला पलटने वाले बदमाश को गिरफ्तार किया है। बदमाश द्वारा ठेला पलटने का सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हुआ है।

पुलिस के मुताबिक दीपक पाल की शिकायत पर अजय उर्फ अज्जू नाम के बदमाश को गिरफ्तार किया गया है। दीपक ने पुलिस को बताया है कि गुरुवार को वह मोतीनगर स्थित अपने घर से गुपचुप बेचने के लिए निकला था। रास्ते में उसे अजय मिला और शराब पीने पैसों की मांग की। पैसा नहीं देने पर अजय ने दीपक को चाकू मारने की धमकी देते हुए जेब से चाकू निकालकर मारने के लिए दौड़ाया। इस दौरान दीपक ने दौड़कर अपनी जान बचाई। दीपक पर चाकू से हमला नहीं कर पाने से हताश अजय ने बदला लेने दीपक का गुपचुप ठेला पलटा दिया। इस दौरान किसी ने ठेला पलटाने का मोबाइल से वीडियो बनाकर वायरल कर दिया।



हरिभूमि लाइव

रायपुर, शनिवार 26 अक्टूबर 2024

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937





## सिटी इवेंट

## बस्तर में शांति संदेश देकर लौटी बुलेट रैली, गाए एकता के गीत



**रायपुर।** स्मार्ट सिटी से 20 अक्टूबर को बस्तर के लिए रवाना हुई राइड फॉर पीस बुलेट रैली देर शाम नारायणपुर से होते हुए रायपुर लौटी। डायोसिस ऑफ छत्तीसगढ़ द्वारा 6 दिवसीय शांति संदेश यात्रा बस्तर संभाग के सातों जिलों में निकाली गई। बस्तर के अनेक स्थानों पर रैली में भी शामिल सदस्यों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सामाजिक बुराइयों से संबंधित संदेश भी दिया गया। स्थानीय शासन-प्रशासन के सहयोग से राइड फॉर पीस से जुड़े युवाओं ने रैली को अंतिम रूप दिया। संभाग के सभी जिलों में राइडर्स के सपोर्ट टीम के साथ करीब 100 से अधिक लोगों ने घूम-घूमकर शांति एवं सद्भावना का संदेश भी दिया।

### नशे को ना, जिंदगी को हां...

शुक्रवार को नारायणपुर बस स्टैंड में नुक्कड़ नाटक से नशा मुक्ति का संदेश दिया। 'नशे को ना, जिंदगी को हां' स्लोगन संग संगीतमय प्रस्तुति शमशेर सैम्यूल के निर्देशन में दी गई। इसका समापन सामूहिक गीत से हुआ। सभी लोगों ने एक स्वर में 'हम होंगे कामयाब' गाया। साथ में स्वच्छता, पर्यावरण रक्षा, नशा उन्मूलन, एकता व शांति का संकल्प लिया। रैली संयोजक ने बताया कि सर्व धर्म, सर्व समाज के सहयोग से बुलेट रैली ने रायपुर, कोंडागांव, जगदलपुर, सुकमा, दंतेवाड़ा, बीजापुर, नारायणपुर का भ्रमण किया। संयोजक नितिन लॉरेंस ने सहयोग और सुरक्षा के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार जताते हुए शांति व सद्भावना बुलेट रैली को सफल बनाया।

## आराधना

## महावीर स्वामी ने 2100 वर्ष पूर्व बताया था समाज का भविष्य



**रायपुर।** आज समाज में जो कुछ घटित हो रहा है, 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी ने 2100 साल पहले ही बता दिया था। उन्होंने इससे आगे भी करीब 21 हजार साल तक चलने वाले शासन के बारे में मानवता कैसे पतन की ओर बढ़ेगी, इस बारे में भी सबकुछ बता दिया है। उनके मुताबिक, पंचम आरे का प्रभाव जैसे-जैसे बढ़ता जाएगा, आम जनता पर टैक्स की मार भी बढ़ती जाएगी। बात-बात पर घुसखोरी और भ्रष्टाचार होगा। हर तरफ बेइमानी हावी होगी। एमजी रोड स्थित श्री जैन दादाबाड़ी में उपधान तप के अंतर्गत चल रही विशेष प्रवचन श्रृंखला में श्री विराग मुनि ने ये बातें कही। उन्होंने पंचम आरे के बारे में बताते हुए कहा कि इसके प्रभाव से शासक से लेकर प्रशासक तक, सब व्यसनों में लीन रहेंगे। पैसे लिए बिना जनता के कोई काम नहीं किए जाएंगे। खूबसूरत बनने की होड़ ऐसी होगी कि लोगों को अपना वास्तविक स्वरूप ही इतना कुरूप लगने लगेगा कि वे चिकित्सा पद्धति से अपने चेहरे ही बदलवा लेंगे।

### संतों की मांग- बंद हो 5 दिन मांस-मदिरा

दादाबाड़ी में मंदिर ट्रस्ट, श्री संघ और लाभार्थी परिवार के साथ निमंत्रण देने पहुंचे विधायक धरम लाल कौशिक और पुरंदर मिश्रा से गुरु भगवंतों ने कहा, आपकी रायपुर धरा पर संयम और त्याग का इतना बड़ा महोत्सव होने जा रहा है। इस 5 दिन के महोत्सव के दौरान मांस-मदिरा की बिक्री पर प्रतिबंध लगवाएं। विधायकों ने कहा कि इस विषय पर वे स्वयं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिलकर बात करेंगे। कम से कम 2 दिन (21-22 नवंबर) मांस-मदिरा की बिक्री बंद रहे, इसके लिए पूरा प्रयास करने का आश्वासन उन्होंने दिया है।

## धर्म लाइव

## दिमाग को ना बनाएं माचिस तिल्ली रावण का अंत हुआ क्रोध के कारण



**रायपुर।** कोई भी व्यक्ति अपने दिमाग को माचिस की तिल्ली न बनाएं। वर्तमान में व्यक्ति क्षणभर में क्रोध में आ जाता है, जिसका परिणाम दुखी करने वाला होता है। इस दौरान व्यक्ति अपने सोचने व समझने की शक्ति पर नियंत्रण नहीं रख पाता है। यह कहना है चातुर्मासीय प्रवास पर आए मुनि सुधाकर का। बीते कुछ माह से टैगोर नगर स्थित श्री लाल गंगा पटवा भवन में मुनि सुधाकर और मुनि नरेश कुमार का प्रवचन जारी है। रोजाना प्रवचन सुबह 10 बजे से शुरु होता है।

### निष्काम श्रद्धा ही महत्वपूर्ण

मुनि सुधाकर ने रामायण पात्र रावण के उदाहरण से प्रवचन की शुरुआत की। जिसमें रावण का क्रोध, अंहकार के बारे में चर्चा की गई। उन्होंने कहा, रावण का अंत उसके अपने क्रोध व अहंकार के कारण हुआ। वर्तमान में मनुष्य मेरे पास क्या है? का चिंतन छोड़कर, दूसरे के पास क्या है? पर अत्यधिक चिंतन कर रहा है। इन चिंता से व्यक्ति अपने मन मस्तिष्क को उद्वेलित करता रहता है। बल्कि व्यक्ति के पास जो है, उसे उतमें में ही संतोष का भाव रखाना चाहिए। मुनि नरेश कुमार ने कहा विनय का भाव जीवन को तारने वाला होता है। निष्काम भाव से भक्ति व निष्काम श्रद्धा का अपना विशेष महत्व होता है।

---

### शुक्रवार को एम्स और एनआईटी के दीक्षांत में पहुंचीं राष्ट्रपति, अभूतपूर्व सुरक्षा के बीच वितरित हुए पदक

# मेडिकल और इंजीनियरिंग दीक्षार्थियों को पहली बार राष्ट्रपति के हाथों पदक, एनआईटी में पीएचडी धारकों का नया रिकॉर्ड



एनआईटी

### जलवायु परिवर्तन सहित कई चुनौतियां

राज्यपाल रमेन डेका ने स्नातकों को उनके कठिन परिश्रम और उपलब्धियों के लिए बधाई दी। अपने संबोधन में उन्होंने कहा, आज की चुनौतियां जटिल हैं, जिनमें जलवायु परिवर्तन, लैंगिक असमानता और बेरोजगारी शामिल हैं। लेकिन एक इंजीनियर के रूप में आपके पास इन क्षेत्रों में बदलाव लाने के लिए अद्वितीय कौशल और दृष्टिकोण हैं। उनकी जिम्मेदारियां कार्यस्थल से आगे जाकर एक बेहतर भविष्य की दिशा में योगदान देने में निहित हैं।

## पालकों ने कैंपस में एलईडी स्क्रीन पर देखी बच्चों की पदक प्राप्ति




### इतने छात्रों को मिले पदक और मेडल

*बीटेक व बीआर्क- 1044, 13 गोल्ड व 12 सिल्वर मेडल*

*एमसीए व एमटेक-225, 11 गोल्ड प 11 सिल्वर मेडल*

*पीएचडी-170*



**राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान ने शुक्रवार को अपना 14वां दीक्षांत समारोह पं.दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित किया। संस्थान को एनआईटी का दर्जा मिलने से लेकर अब तक की अवधि में यह पहली बार है, जब यहां छात्रों को पदक और उपाधियां राष्ट्रपति के हाथों प्रदान की गई। आयोजन में राष्ट्रपति के शामिल होने के कारण सुरक्षा व्यवस्था भी अत्यंत कड़ी रखी गई थी।**



**रायपुर।** पालकों को जहां एनआईटी कैंपस में ही एलईडी स्क्रीन पर बच्चों को पदक लेते हुए देखकर संतुष्ट होना पड़ा तो वहीं छात्रों को फोन ले जाने की मनाही थी। इसके बाद भी राष्ट्रपति के हाथों पदक प्राप्त करने की खुशी बच्चों के चेहरों पर दिखाई दी। एनआईटी में स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों को उपाधियां प्रदान करने के साथ ही 170 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि भी प्रदान की गई। ऐसा पहली बार है, जब संस्थान ने इतनी संख्या में पीएचडी डिग्री एक साथ आवंटित की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने छात्रों को उपाधियां प्रदान करते हुए कहा, आज जब आप जीवन के एक नए अध्याय में कदम रख रहे हैं, तो दुनिया की चुनौतियों का समाधान करने में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की भूमिका को हमेशा याद रखें। अर्जित ज्ञान का उपयोग जलवायु परिवर्तन, वैश्विक भूख, गरीबी और तकनीकी विकास जैसी चुनौतियों को सुलझाने में करें। उन्होंने भारत की कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए हालिया नोबेल पुरस्कारों उधारण दिया, जो एआई में प्रगति की ओर इशारा करते हैं। उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया कि डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम जैसे वैज्ञानिकों की विरासत को आगे बढ़ाएं।

### इंजीनियरिंग केवल तकनीकी ज्ञान नहीं

राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, राज्य मंत्री तोखन साहू विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अध्यक्षता एनआईटी रायपुर के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष डॉ. सुरेश हावरे ने की। संस्थान निदेशक डॉ.एनवी रमना सहित सीनेट सदस्य, रजिस्ट्रार, डीन, विभागाध्यक्ष और संकाय सदस्य भी उपस्थित रहे। सीएम विष्णुदेव साय ने कहा, इंजीनियरिंग शिक्षा केवल तकनीकी ज्ञान तक सीमित नहीं है। यह ज्ञान को समाज की जरूरतों के साथ जोड़ने का माध्यम है। उन्होंने स्नातकों से छत्तीसगढ़ के विकास में सक्रिय योगदान देने का आह्वान करते हुए कहा, छत्तीसगढ़ में अधिकतर जनसंख्या ग्रामीण और वन क्षेत्रों में निवास करती है। ग्रामीण और पर्यावरणीय विकास में युवाओं के तकनीकी कौशल से बहुत लाभान्वित हो सकता है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया कि वे अपने ज्ञान का उपयोग अपने आसपास के लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में करें और राज्य को प्रगति की ओर अग्रसर करें।

### कंप्यूटर साइंस ब्रांच रहा अव्वल

कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के बी.टेक छात्र यश बंसल को संस्थान का ओवरऑल टॉपर घोषित किया गया। संस्थान के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष डॉ.सुरेश हावरे ने कहा, राष्ट्रपति की यात्रा गांव से ज्ञान तक की यात्रा है। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने सभी से खुद की क्षमता पहचानने और कभी एक सीमा में न बंधे रहने की बात कही। एनआईटी निदेशक डॉ.एनवी रमना राव ने संस्थान की 1956 में सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज के रूप में स्थापना से लेकर 2005 में इसे राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के रूप में परिवर्तित होने तक की यात्रा को साझा किया। कार्यक्रम के दूसरे भाग में पीएचडी विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की गई। साथ ही पीजी प्रोग्राम के विद्यार्थियों को मेडल्स प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त अन्य विद्यार्थियों को भी डिग्री प्रदान की गई।

### अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान

## द्वितीय दीक्षांत : 10 स्वर्ण पदक 514 को मेडिकल उपाधियां

**रायपुर।** एनआईटी की तरह ही एम्स के लिए भी यह पहला अवसर रहा, जब छात्रों को राष्ट्रपति के हाथों पदक प्रदान किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने एम्स के द्वितीय दीक्षांत समारोह में संस्थान के 10 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक एवं 514 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मेडिकल प्रोफेशनल का कार्य अत्यंत जिम्मेदारी भरा होता है, उनके निर्णय जीवन रक्षा से जुड़े होते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि यहां से उत्तीर्ण चिकित्सक एवं पैरा मेडिकल छात्र इस जिम्मेदारी और उत्तरदायित्व का निर्वहन पूरी तन्मयता और क्षमता के साथ करेंगे। उन्होंने उपाधि एवं पदोपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके स्वर्णिम भविष्य की कामना की। राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, एम्स रायपुर के अध्यक्ष प्रो. जॉर्ज डिसूजा, एम्स निदेशक एवं सीईओ लेफ्टिनेंट जनरल अशोक कुमार जिंदल सहित एम्स रायपुर के चिकित्सक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।



### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से मिलेगी आपातकालीन स्थितियों में मदद

राष्ट्रपति ने कहा, भारत सरकार देश के सभी नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने के लिए प्रयास कर रही है। पिछले एक दशक में देशवासियों को यूनिवर्सल हेल्थ कार्ड प्रदान करने के लिए अनेक कदम उठाए गए। एम्स उत्कृष्ट चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के साथ-साथ कुपोषण को दूर करने तथा सिकलसेल क्लिनिक का संचालन कर रहा है। आधुनिकतम टेक्नोलॉजी का उपयोग जनकल्याण के लिए किया जाना चाहिए। एम्स रायपुर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, चलित क्लीनिकल डिसीज और सपोर्ट सिस्टम पर भी कार्य कर रहा है। इससे दूर दराज के क्षेत्र के डॉक्टरों को आपातकालीन स्थितियों में रियल टाइम मदद तथा सामुदायिक स्वास्थ्य में सुधार होगा।

### 4 मेडिकल कॉलेज, भवन के लिए 1020 करोड़

राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि आज से आप, लोगों के लिए आशा की किरण होंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ में देश की लगभग सभी ख्यातनाम संस्थाएं स्थित हैं। प्रदेश के 4 नए मेडिकल कॉलेजों के भवनों के निर्माण के लिए 1020 करोड़ 60 लाख रुपए का प्रावधान कर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके पूर्व कार्यक्रम के प्रारंभ में एम्स अध्यक्ष प्रो. जॉर्ज डिसूजा ने स्वागत भाषण दिया। डायरेक्टर लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल ने एम्स का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

---

### आयुष विवि का तीसरा दीक्षांत आज, 25 छात्रों को मिलेंगे 33 मेडल

# कोविड में लगातार 48 घंटे ड्यूटी, कभी बेंच पर सोए तो कभी जमीन पर, इसके बाद पढ़ाई कर हासिल किया 'सोने का तमगा'

**कार्नर न्यूज**

*रायपुर। आयुष विवि के तीसरे दीक्षांत समारोह में आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मेडिकल छात्रों को स्वर्ण पदक और उपाधियां प्रदान करेंगी। डिग्रीधारी छात्रों में मेडिकल संकाय से लेकर दंत चिकित्सा, आयुर्वेद संकाय, होमियोपैथी, फिजियोथैरेपी, नर्सिंग और एमसीएच के विद्यार्थी शामिल हैं। यूनिवर्सिटी मेडल और दानदाता मेडल मिलाकर 33 स्वर्ण पदक आज दिए जाएंगे। सर्वाधिक 3 गोल्ड मेडल एमबीबीएस टॉपर शबा फिरदौस ने अपने नाम किए हैं। आज जिन मेडिकल, आयुर्वेदिक, नर्सिंग छात्रों को मेडल दिए जाएंगे, उनके लिए यहां तक पहुंचने की राह आसान नहीं रही। पढ़ाई और प्रैक्टिस के दौरान उन्हें कोविड का सामना करना पड़ा। कई बार स्थितियां ऐसी निर्मित हो गईं कि उन्हें 36 से 48 घंटे तक अस्पताल में काम करना पड़ा। कभी वे बेंच पर सोए तो कभी जमीन पर। लंबी ड्यूटी के दौरान कुछ मिनटों की झपकी ही उनका सहारा होती थी। प्रैक्टिस के बाद भी कड़ी मेहनत करते हुए पढ़ाई जारी रखी और स्वर्ण पदक अपने नाम किया।*

### प्रभावित हुई प्रैक्टिस



आयुर्वेद संकाय के अंतर्गत स्वास्थवृत्त विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के लिए तमन्ना पंडा को स्वर्ण पदक दिया जाएगा। जांजगीर-चांपा की रहने वाली तमन्ना भारतीय कॉलेज दुर्ग की छात्रा है। पिता चंद्रशेखर निजी नौकरी करते हैं और मां मंजूषा गृहणी हैं। कोविड के दौर को याद करते हुए तमन्ना ने कहा, कोरोना के कारण पढ़ाई प्रभावित रही, जितने पेशेंट देखे जाने थे नहीं देख पाए। तैयारी के समय कठिनाई हुई।

### कोविड का दौर रहा चुनौती भरा



बीडीएस दंत चिकित्सा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली वत्सला के पिता अश्विनी सिंह इंजीनियर जबकि माता लता गृहणी हैं। वे अपने परिवार की पहली चिकित्सक हैं। वत्सला बताती हैं कि कोविड का दौर उनके लिए बहुत चुनौती भरा रहा। प्रैक्टिकल चीजों की भी ऑनलाइन कक्षाएं संचालित की गई। उनके पैरेंट्स और भाई भी कोविड संक्रमित हो गए। इनके बीच पढ़ाई जारी रखना और मेडल अपने नाम करना बड़ी बात रही। फिलहाल वे रुंगटा डेंटल कॉलेज में प्रैक्टिस कर रही हैं।




शुक्रवार को अधिकारियों की निगरानी में हुआ पूर्वाभ्यास

### वर्कलोड ज्यादा, सरकारी अस्पताल में बढ़े चिकित्सकों की संख्या



खुशी ग्वारे को एमबीबीएस के ओबीजी विषय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के लिए आज दो मेडल मिलेंगे। उनकी मां निधी डॉक्टर हैं, जबकि पिता प्रजय लॉ सेक्टर में हैं। मां के अलावा फैमिली के अन्य सदस्य भी मेडिकल फिल्ड में हैं। फिलहाल सिम्स बिलासपुर में सेवा दे रही खुशी कहती हैं कि चिकित्सकों की संख्या शासकीय अस्पतालों में मरीजों के अनुपात में कम है। उन पर वर्कलोड ज्यादा है। नई भर्तियां की जानी चाहिए, ताकि राहत मिल सके।

### सुकमा में स्कूली शिक्षा, जिद ने बनाया न्यूरो सर्जरी का टॉपर



पवन कुमार ब्रिज ने न्यूरो सर्जरी की पढ़ाई पूरी कर ली है। उन्हें एमसीएच की उपाधि मिलेगी। न्यूरो सर्जरी में उच्चतम अंक के लिए उन्हें आज मेडल दिया जाएगा। अपने पिता मनमोहन और मां हुंगी का सपना पूरा करने इस क्षेत्र में आए। वे बताते हैं कि स्कूली शिक्षा सुकमा में हुई। मेडिकल की पढ़ाई के लिए पर्याप्त सुविधा नहीं थी। भिलाई से मेडिकल की तैयारी की और मेडिकल कॉलेज रायपुर से अपनी पढ़ाई पूरी की। अब वे जगदलपुर मेडिकल कॉलेज में प्रैक्टिस कर रहे हैं। आगे भी ग्रामीण क्षेत्र में ही अपनी सेवा देना चाहते हैं।

### कई सहयोगी थे कोविड की चपेट में, कुछ डॉक्टर्स पर आ गया पूरा जिम्मा



जालंधर से रायपुर मेडिकल कॉलेज पढ़ाई करने के लिए आए आनंदवर्धन ने पीजी मेडिकल में उच्चतम अंक प्राप्त किए हैं। इसके लिए उन्हें दो गोल्ड मेडल आज मिलेंगे। उनके पापा हर्षवर्धन बैंकर हैं और मां साधना टीचर हैं। फिलहाल वे बनारस हिंदू विवि में न्यूरो की पढ़ाई कर रहे हैं, लेकिन आगे की प्रैक्टिस छग में ही करने की इच्छा रखते हैं। आनंदवर्धन बताते हैं, कोविड के वक्त मेकाहारा में मरीजों की संख्या बढ़ने लगी थी। कई चिकित्सक कोविड ड्यूटी में थे और उनके कई सहयोगी चिकित्सक कोरोना की चपेट में आ गए थे। इन हालातों में गिनती के कुछ डॉक्टर्स पर मरीजों को देखने का जिम्मा आ गया था। उन्हें 48-48 घंटों तक लगातार ड्यूटी करनी पड़ी। जहां भी जगह और थोड़ा समय मिलता था, वे सो जाते थे। इनके बीच पढ़ाई भी करते रहे। अंततः मेडल अपने नाम करने कामयाब रहे।

## कैंपस लाइव

# तकनीक, मौसम व रोग प्रबंधन के प्रति इंटरनेट के जरिए रहें सजग



रायपुर। युवाओं के उत्साह और किसानों की उत्सुकता से सजे एग्री कार्निवाल के अंतिम दिन भी जिज्ञासा लिए लोग कार्यशाला में शामिल हुए। इससे इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर शुक्रवार को भी गुलजार रहा। चार दिवसीय एग्री कार्निवाल व राष्ट्रीय किसान मेला के समापन में विवि के निदेशक डॉ.एसएस टुटेजा ने बताया कि विभिन्न जिलों के 25 हजार से ज्यादा कृषकों ने मेले और प्रदर्शनी को देखने के साथ ही खेती-किसानी के तौर-तरीकों में उन्नत तकनीक को भी जाना। लगभग 3 हजार विद्यार्थियों ने कृषि में नई तकनीक का इस्तेमाल कितना कारगर है, इसके बारे में विशेषज्ञों की चर्चा सुनी। मेले में स्व-सहायता समूहों ने 5 लाख से ज्यादा के प्रोडक्ट्स बेचे।

### छग में अत्यधिक कृषि उत्पाद यहां निर्यात की संभावना

कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने बताया, जॉब फेयर एवं अन्तर्राष्ट्रीय एजूकेशन फेयर में भी विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया और पूरी तैयारी से पहुंचे। इसका रिजल्ट भी उन्हें बेहतर मिला। लगभग 85 युवाओं को जॉब का ऑफर भी मिला है। कृषि में प्रयोग की जा रही नवीन तकनीक की जानकारी देने के लिए कार्यशाला की गई। विशेषज्ञों ने कृषि उत्पाद के निर्यात की छत्तीसगढ़ में असीम संभावनाओं के विषय में बताया। एग्री स्टार्टअप, जलवायु कुशल कृषि एवं प्राकृतिक खेती, आधुनिक पादप प्रजनन तकनीक और डाटा एनालिसिस तथा जैव विविधता पर प्रदर्शनी आकर्षक रही। आयोजन की अंतिम कड़ी में "जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस फॉर डिजिटल एग्रीविलेजेस" पर कार्यशाला की गई। मुख्य अतिथि पद्मश्री फूलबासन बाई यादव, विशिष्ट अतिथि हैदराबाद के डॉ.ए.दंडपाणी एवं डॉ. टीएन सिंह रहे। बदलते परिवेश में इंटरनेट के प्रसार से ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि तकनीक, मौसम, रोग प्रबंधन के प्रति सजग रहने पर जोर दिया।

## एजूकेशन अपडेट

# संघ लोक सेवा आयोग ने जारी किए एनडीए व एनए के परिणाम

रायपुर। यूपीएससी एनडीए और एनए-1 फाइनल रिजल्ट की घोषणा कर दी गई है। संघ लोक सेवा आयोग की ओर से परिणाम आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किए गए हैं। नतीजो का इंतजार कर रहे अभ्यर्थी पोर्टल पर रिजल्ट की जांच कर सकते हैं। इसके लिए कैंडिडेट्स को ऑफिशियल वेसबाइट पर जाकर संबंधित रिजल्ट लिंक पर क्लिक करके अपना स्कोर देखना होगा। नोटिफिकेशन के मुताबिक, नेशनल डिफेंस एकेडमी और नेवल एकेडमी परीक्षा में 641 उम्मीदवारों ने सफलता हासिल की है। यह परिणाम 21 अप्रैल को आयोजित हुई लिखित परीक्षा और फिर इसके बाद एसएसबी की ओर से कंडक्ट हुए इंटरव्यू के आधार पर जारी किए गए हैं।

### अंकों की घोषणा 15 दिन बाद

यूपीएससी की ओर से जारी सूचना में यह भी कहा गया है कि उम्मीदवारों के अंक अंतिम परिणाम की घोषणा की तिथि से 15 दिनों के बाद वेबसाइट पर उपलब्ध कराए जाएंगे। इन अंकों को भी कैंडिडेट्स पोर्टल पर चेक कर सकेंगे। किसी भी अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। इससे जुड़ी जानकारी भी आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। सरकारी रिजल्ट 2024 में चयनित 641 उम्मीदवारों को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के सेना, नौसेना और वायु सेना विंग के 153वें कोर्स और नौसेना अकादमी के 115वें भारतीय नौसेना एकेडमी कोर्स (आईएनएसी) में ट्रेनिंग मिलेगी। यूपीएससी एनडीए और एनए-1 फाइनल परीक्षा रिजल्ट के जरिए संघ लोक सेवा आयोग संगठन में 400 पदों पर योग्य उम्मीदवारों की भर्ती करेगा। इनमें से 208 वैकेंसी सेना में, 42 पद नौसेना में, 120 पद वायु सेना में और 30 वैकेंसी नौसेना एकेडमी में उपलब्ध हैं। इस संदर्भ में आवेदन आमंत्रित किए जाने के दौरान ही सूचना दे दी गई थी।




## सिटी इवेंट

# दिनभर चला अन्न-वस्त्र वितरण का दौर, सैकड़ों की तादाद में पहुंचे भक्त



रायपुर। हर साल की तरह संत परंपरा की नींव रखते वाले संतों को शदाणी दरबार में याद किया गया। लोगों के दुख व तकलीफ को महसूस करके प्रथम सतगुरु संत शदाराम साहिब ने शदाणी तीर्थ के लिए पहल की। परंपरा के आठवें सतगुरु संत गोविंदराम साहिब ने भी आध्यात्मिक और सामाजिक सेवा के साथ शदाणी संवत के अनुसार कैलेंडर निकालना शुरु किया। पीठाधीश्वर संत डॉ.युधिष्ठिर लाल ने यह जानकारी शुकवार को अवतरण महोत्सव को विधि-विधान से शुरु करने के बाद दी। उत्सव के इस माहौल में शामिल होने के लिए विभिन्न शहरों से लोग देवपुरी स्थित शदाणी दरबार तीर्थ में भारी तादाद में पहुंचे।

### मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

महोत्सव की शुरुआत आशा दीवार, भजन-कीर्तन, श्रीमद् भगवत गीता के सत्संग से किया गया। संतों के गंगा स्नान,पंचामृत स्नान, पूजा, आरती के दौरान सभी के कल्याण की भावना से प्रार्थना की गई। दिनभर प्रसाद वितरण, भंडारा, अन्न व वस्त्र वितरण का दौर चला। शाम को छत्तीसगढ़ के कलाकारों द्वारा भजन प्रस्तुति दी गई। इसमें प्रसिद्ध कलाकार अनुज शर्मा, राजेश अवस्थी शामिल हुए। अंशु महाराज एवं लल्लू महाराज ने श्रोताओं को मंत्र मुग्ध किया।अमित चिमनानी, वैजयंती यादव, अनु राजपूत, चैतन्य साहू, ह्यूमन साहू, महेश मोटलानी सहित अन्य समाजगण मौजूद रहे।

## ● दीपावली के साथ 29 अक्टूबर से गौरा-गौरी विवाह उत्सव का शुभारंभ

# निभाएंगे दशकों पुरानी परंपरा, शहनाई नहीं बल्कि गड़वा बाजा की धुन में होगा गौरा-गौरी विवाह, इसके पूर्व चुलमाटी व हल्दी सहित अन्य रस्में

**छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय पर्व में एक गौरा-गौरी का पर्व है। जिसका शुभारंभ दीपावली के अवसर पर ही किया जाता है। छत्तीसगढ़ के आदिवासी जनजाति के लोग गौरा-गौरी का त्यौहार बड़े ही उत्साह के साथ मनाते हैं, जिसमें माता पार्वती व भोले शंकर का विवाह छत्तीसगढ़ी संस्कृति के अनुसार किया जाता है। धनतेरस से ही विवाह का शुभारंभ किया जाता है। यह पर्व ग्रामीण अंचलों के साथ शहरी क्षेत्रों में भी हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।**

रायपुर। मान्यता के अनुसार, इस दौरान होने वाले देवी-देवता के विवाह में सभी रस्में निभाई जाती है। इसमें चुलमाटी, हल्दी, बारात, फेरा व विसर्जन मुख्य है। दीपावली के साथ ही इसे लेकर भी तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। कई समितियां बड़े पैमाने पर यह आयोजन कराती है। इसके लिए बैंड-बाजे की बुकिंग से लेकर अन्य तरह की व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

प्रदेश के विभिन्न स्थानों में यह पर्व मनाया जाता है, जिसमें राजधानी भी शामिल है। शहर के विभिन्न स्थानों पर गौरा-गौरी चौक निर्मित किए जाते हैं। यहां प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी गौरा-गौरी विवाह संपन्न कराया जाएगा। इस बार टिकरापारा, आमापारा, लाखेनगर, डगनिया, गुढ़ियारी जैसे विभिन्न स्थानों पर समितियों सदस्यों द्वारा पर्व का आयोजन होगा। इनमें से कई गौरा-गौरी समिति विगत सौ सालों से भी अधिक समय से यह पर्व मनाती आ रही है। इसमें मूर्तिकार व पारंपरिक बाजा-गाजा का विशेष महत्व होता है। इसे देखते हुए समितियों ने दो सप्ताह पूर्व ही तैयारियां प्रारंभ कर दी थी।






### 52 वर्ष से मना रहे गौरा-गौरी विवाह उत्सव



*रामकुण्ड उछला तालाब स्थित श्री गौरा गौरी परिवार समिति के अध्यक्ष अंश ठाकुर ने बताया, बीते 52 वर्ष से गौरा-गौरी विवाह उत्सव मनाया जा रहा। इस वर्ष 29 से विवाह का शुभारंभ है, जहां 'फूल कुचरने' का पूजन किया जाएगा। 31 अक्टूबर को चुलमाटी व 2 नवंबर को गौरा-गौरी आगमन व विसर्जन किया जाएगा। इस वर्ष भी विवाह के लिए पारंपरिक बाजा लाया जाएगा। इसके लिए 40 हजार रुपए लागत आई है।*

### दीपावली के दिन चुलमाटी हल्दी व अन्य पूजन

यादव मोहल्ला टिकरापारा गौरा-गौरी समिति के सदस्य नीरज कुमार ठाकुर ने बताया, दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन यहां किया जा रहा। जिसमें 31 अक्टूबर दीपावली के दिन चुलमाटी, हल्दी व अन्य पूजन किया जाएगा। जिसके पश्चात एक नवंबर को दोपहर में विसर्जन किया जाएगा। इस दौरान साज-सज्जा व गाजा-बाजा के साथ विवाह संपन्न कराया जाएगा। समिति द्वारा बीते 150 वर्षों से गौरा-गौरी विवाह का आयोजन किया जा रहा है, जो निरंतर आगे भी चलता रहेगा।

### पारंपरिक गड़वा बाजा रहेगा विशेष आकर्षण का केंद्र

नंदी चौक गौरी-गौरा समिति से दुकालाराम साहू ने बताया, इस वर्ष दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। बीते कई वर्षों से लगातार गौरा-गौरी विवाह उत्सव मनाया जा रहा, जिसमें सभी मोहल्ले के सदस्य एकजूट होकर कार्यक्रम में शामिल होते हैं। विवाह के लिए पारंपरिक गड़वा बाजा की बुकिंग 25 हजार में की गई है। दो सप्ताह पहले ही मूर्तिकार की बुकिंग भी कर ली गई है।

# बस्तरिया आर्ट थीम पर रंगोली, दिवाली के लिए खास थाल सज्जा

रायपुर। विप्र महाविद्यालय में थाली सजाओ प्रतियोगिता रखी गई। विद्यार्थियों ने दीपावली पर्व से संबंधित थाली सजाई, जिसमें फूल, कलश, गौरी-गणेश, स्वास्तिक, देवी के चरणों के छाप और सिक्कों की माला देखने को मिली। इसके अलावा रंगोली, दिवाली डेकोरेशन, बेस्ट ऑउट ऑफ वेस्ट पोस्टर, पेंटिंग, रिल्स, रेसिपी, वाद-विवाद, संगीत, ड्रामा, फैंसी ड्रेस और डांस कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया। बीकॉम, बीएससी, बीसीए, बीएजेएमसी, बीबीए, डीएलएड, एमकॉम, बीएड, एमएड, पीजीडीसीए, पीजीडीजे विभाग के जूनियर व सीनियर विद्यार्थी मौजूद रहे।







### यातायात के दौरान सावधानी का संकेत

रंगोली प्रतियोगिता के दौरान छात्रों ने यातायात सुरक्षा के प्रमुख बिन्दु रंगोली के माध्यम से बताए। वहीं दूसरी ओर समाज में महिलाओं के साथ होने वाले दुर्व्यवहार को भी दिखाने का प्रयास किया गया। स्पर्धा में भारतीय संस्कृति के 'अतिथि देवो भवः' को भी चित्रित किया गया, जिसमें राजस्थानी परिधान में अतिथियों का स्वागत करते लोग नजर आए। लैंगिक समानता, भ्रूण हत्या, पारिस्थितिक तंत्र, बाल श्रम, मानवता, लोककला, बस्तरिया आर्ट सहित विभिन्न रंगोली तैयार की गई।




# पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन अर्जी 31 दिसंबर तक

रायपुर। पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति 2024-25 में ऑनलाइन पंजीयन के लिए अदिवासी विकास विभाग ने समय में बढ़ोत्तरी की है। अब विद्यार्थी 1 नवंबर से 31 दिसंबर 2024 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेगें। जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग, मेडिकल, नर्सिंग , पालीटेक्नीक, आईटीआई आदि में अध्ययनरत ऐसे छात्र जिनका प्रवेश विलंब से हुआ है या जिनका परीक्षा परिणाम विलंब से घोषित हुआ है, के विद्यार्थियों के लिए पंजीयन के लिए समय में बढ़ोत्तरी की गई है। ड्राफ्ट प्रापोजल लॉक के लिए 15 जनवरी 2025 और सेन्सन ऑर्डर लॉक के लिए 31 जनवरी 2025 तक की अवधि निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथियों के पश्चात शिक्षा सत्र 2024-25 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाइन आवेदन के लिए पोर्टल बंद कर दिया जाएगा। साथ ही ड्राफ्ट प्रापोजल लॉक और सेन्सन ऑर्डर लॉक करने का अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा।

**संस्थानों में प्रवेश और परीक्षा परिणामों में देरी के कारण फैसला**



























## खबर संक्षेप



### राष्ट्रपति का विस अध्यक्ष डॉ. रमन ने किया स्वागत

**रायपुर।** राजभवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने पुष्पगुच्छ भेंटकर छत्तीसगढ़ की पुण्य धरती पर उनका स्वागत किया। साथ ही प्रदेश के विधानसभा प्रांगण और आदिवासी संस्कृति से रचे-बसे बस्तर में माता दंतेश्वरी के दर्शन के लिए आमंत्रित भी किया।

### राष्ट्रपति आज रायपुर और भिलाई के कार्यक्रमों में होंगी शामिल

**रायपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शनिवार को रायपुर और भिलाई के कार्यक्रमों में शामिल होंगी। इसके बाद वे शाम 5.10 बजे रायपुर से दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगी। राष्ट्रपति 26 अक्टूबर को प्रातः 9.20 बजे राजभवन से प्रस्थान कर गायत्री नगर रायपुर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर जाएंगी और वहां दर्शन एवं आरती के बाद रायपुर एयरपोर्ट जाएंगी और वहां से विशेष हेलीकॉप्टर से भिलाई के लिए प्रस्थान करेंगी। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू पूर्वान्ह सवा 11 बजे से दोपहर सवा 12 बजे तक आईआईटी भिलाई के चतुर्थ दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगी। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू वहां से हेलीकॉप्टर से दोपहर 1 बजे रायपुर एयरपोर्ट वापस आएंगी और नवा रायपुर स्थित मुख्यमंत्री के नवीन शासकीय आवास में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा उनके सम्मान में आयोजित दोपहर भोज में शामिल होंगी। वे अपरान्ह 3.30 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेमोरियल हेल्थ साइंस एवं आयुष यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़ नवा रायपुर जाएंगी तथा वहां आयोजित तृतीय दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगी। वे संध्या 5.10 बजे रायपुर एयरपोर्ट से विशेष विमान से नई दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगी।

### बैज बोले- आपराधिक घटनाएं रोकने में सरकार फेल

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, राज्य में रोज-रोज घट रही घटनाएं यह साबित करने के लिए पर्याप्त हैं कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ चुकी है तथा आपराधिक घटनाएं रोकने में सरकार फेल साबित हो रही है। ऐसी सरकार को तत्काल बर्खास्त कर राज्य में राष्ट्रपति शासन लगा दिया जाना चाहिए। श्री बैज ने कहा, बलरामपुर में महिलाओं ने पुलिस पर हमला कर दिया। यह सरकार की अकर्मण्यता का नतीजा है। जनता को अब पुलिस और सरकार पर भरोसा नहीं रह गया है। जनता सरकार की क्षमता और पुलिस की दुर्भावनापूर्वक कार्यवाहियों के खिलाफ विद्रोह पर उतर आई है। पुलिस की अक्षमता और सरकार के अनिर्णय के कारण बलौदाबाजार में एसपी, कलेक्टर कार्यालय जला दिया गया, सूरजपुर में अपराधी के घर पर हमला करने गई भीड़ ने एसडीएम को पीटने के लिए दौड़ा दिया, उनको भागकर जान बचानी पड़ी। कवर्धा में पुलिस से न्याय की उम्मीद छोड़ चुकी जनता ने एक व्यक्ति को उसके घर में जिंदा जला दिया। सीतापुर में पुलिस की लापरवाही के खिलाफ अपराधी पर कार्रवाई की मांग को लेकर जनता ने 24 घंटे चक्काजाम कर दिया था, तब जाकर पुलिस ने कार्रवाई की।


### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता नरेन्द्र कुमार घिदौड़े पिता श्री देवादास घिदौड़े निवासी ग्राम खपरी, पो. मंदिर हसौद, तहसील आरंग जिला रायपुर, छ.ग. वाले की स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जिसका खसरा नं. 557, रकबा 0.3600 हेक्टेयर भूमि जो वाके मौजा ग्राम गनौद, प.ह.नं. 26 रा.नि.मं. पलौद, तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर छ.ग को क्रय करने का सौदा कर अग्रिम राशि अदा कर दिया गया है अब केवल विक्रय विलेख (रजिस्ट्री) पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त सौदे एवं संव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था बैंक, निगम शासकीय एवं अर्द्धशासकीय निकाय, बोर्ड प्राधिकरण, निगम आदि को किसी भी प्रकार की उजर, दावा, आपत्ति हो अथवा उक्त संपत्ति या उसके किसी भी भाग पर किसी प्रकार का स्वत्व, हक, अधिकार या भार हो तो वे इस आम सूचना प्रकाशन के दिनांक से 07 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित सुसंगत दस्तावेजो के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करे एवं आम सूचना का खंडन किसी भी दैनिक समाचार पत्र मे स्वीकार नही किया जायेगा।

सो सूचना जाने।

दिनांक 25-10-2024
स्थान रायपुर

भवदीय
जवाहर लाल सोनबेर अधिवक्ता
पता - चंगोराभाठा रायपुर छ.ग.
मो. नं. 93013 34552


# आज से भाजपा का सदस्यता को लेकर विशेष अभियान, 60 लाख के पार जाने झोंकेंगे पूरी ताकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन ने सदस्यता अभियान में अपने 60 लाख का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए शनिवार से तीन दिनों तक शक्ति केंद्रों के साथ ही पूरे प्रदेश में विशेष अभियान चलाने का फैसला किया है। इस अभियान में विशेष रूप से महिला मोर्चा, युवा मोर्चा के साथ संगठन के स्थानीय नेताओं, सांसद, विधायक और प्रदेश के सभी पदाधिकारियों को झोंकने का फैसला किया गया है।

प्रदेश के जो मंत्री अपने क्षेत्र में रहेंगे, वे भी तीन दिनों तक अभियान में शामिल होंगे। एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए में प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने बताया, भाजपा ने केवल 46 दिनों में 50 लाख से ज्यादा सदस्य बनाकर छत्तीसगढ़ में इतिहास रचा है। भाजपा के सर्वस्पर्शी, सर्वाधिक सदस्यता अभियान के तहत अब 26, 27, 28 अक्टूबर को महिलाओं, थर्ड जेंडर, पुजारियों एवं अन्य कई क्षेत्रों के लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई जाएगी। इस अभियान में प्रदेश के सभी नेता जुटेंगे। श्री देव ने इस बात से इनकार किया कि किसी का भी मोबाइल बिना उनकी मर्जी के लेकर जबदस्ती उनको भाजपा का सदस्य बनाया गया है। उन्होंने कहा, भाजपा के सदस्यता अभियान से कांग्रेसी बौखला गए हैं, इसलिए बेबुनियाद आरोप लगाने का काम कर रहे हैं।

### बड़े-छोटे सभी नेता अब जाएंगे शक्ति केंद्रों में



### महिलाओं पर रहेगा फोकस

*सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक अनुराग सिंहदेव ने बताया, तीन दिनों के विशेष अभियान में हमारा फोकस महिलाओं पर ज्यादा रहेगा। इसके लिए महिला मोर्चा को बड़ा जिम्मेदारी दी गई है। अब तक सदस्यता अभियान में महिलाओं की सदस्यता कम होने के कारण अब ज्यादा महिला सदस्य बनाने पर ध्यान देने का फैसला किया गया है। इसी के साथ युवाओं को ज्यादा जोड़ने के लिए युवा मोर्चा को मोर्चे पर लगाया गया है। श्री सिंहदेव ने कहा, भाजपा को अधिकतम वोट पिछले चुनाव में 79 लाख मिले थे 79 लाख वोटों के बाद 60 लाख का सदस्यता लक्ष्य रखना एक बहुत बड़ा काम है जिसे भारतीय जनता पार्टी जल्दी पूरा करने जा रही है।*

## सुनील सोनी की नामांकन रैली में भाजपा ने दिखाई ताकत

# सीएम साय बोले- कांग्रेस ने पांच साल प्रदेश को लूटा, अब मोदी की गारंटी पूरी हो रही सांय-सांय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर दक्षिण के उपचुनाव के लिए भाजपा के प्रत्याशी सुनील सोनी ने बड़े शक्ति प्रदर्शन के साथ नामांकन भरा। एकात्म परिसर से निकाली गई रैली में प्रदेश के कई मंत्री, सांसद, विधायक जुटे। नामांकन के बाद घड़ी चौक पर हुई सभा में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, प्रदेश की जनता ने कांग्रेस को एक मौका दिया था, पर कांग्रेस ने पांच साल तक प्रदेश को लूटने का ही काम किया। अब प्रदेश में भजपा की सरकार है, तो मोदी की गारंटी सांय-सांय पूरी हो रही है। रायपुर दक्षिण भाजपा का गढ़ है। इस सीट से बृजमोहन अग्रवाल 35 साल तक विधायक रहे। बृजमोहन को केंद्र भेजा गया। अब इस सीट से सुनील सोनी चुनाव लड़ रहे हैं। वे एक लाख मतों से जीतेंगे, इसका हमें भरोसा है।

श्री साय ने कहा, प्रदेश सरकार उपचुनाव के बाद आवासीय पट्टा देने का काम करेगी। पट्टा तैयार है, बस चुनाव के होने का इंतजार है। श्री साय ने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा, कांग्रेस के शासन में प्रदेश में भ्रष्टाचार और घोटाला ही हुआ है। कांग्रेस ने 36 वादे किए थे, पर कोई वादा पूरा नहीं किया। अब भाजपा की सरकार में भाजपा अपने किए वादे पूरे कर रही है। लगातार हम मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम कर रहे हैं। श्री साय ने कहा, सुनील सोनी किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। पूर्व सांसद, रायपुर नगर निगम के महापौर-सभापति रहे, और विभिन्न पदों पर रहकर लंबे समय तक रायपुर की सेवा की है। ऐसे लोकप्रिय श्री सोनी को भाजपा ने अपना प्रत्याशी बनाया है। उनको आशीर्वाद देकर विजयी बनाना है।





**साव बोले- नामांकन रैली देखकर कांग्रेसी घबरा रहे :** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, यह दक्षिण विधानसभा का चुनाव एक-एक कार्यकर्ता के लिए बड़ा महत्वपूर्ण चुनाव है। पिछले चुनाव में आप सभी के आशीर्वाद से बृजमोहन अग्रवाल ने जीत का रिकॉर्ड बनाया था और आज हम सभी को मिलकर उस लीड को बरकरार रखते हुए और अधिक मतों से भाजपा को विजयी बनाना है।

### ये रहे उपस्थित

नामांकन रैली और सभा में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, प्रदेश सरकार के मंत्री रामविचार नेताम, श्यामबिहारी जायसवाल, टंकराम वर्मा, लक्ष्मी राजवाड़े, लखनलाल देवांगन, दयाल दास बघेल, विधायक अजय चंद्राकर, राजेश मूणत, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, अनुज शर्मा, गुरु खुशवंत साहेब, इंद्रकुमार साहू, पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष व रायपुर दक्षिण चुनाव संयोजक शिवरतन शर्मा, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, प्रदेश संगठन चुनाव अधिकारी खूबचंद सहित भाजपा के कई नेता उपस्थित थे।

**नामांकन में मुख्यमंत्री रहे साथ**

सुनील सोनी के नामांकन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय उनके साथ रहे। इसी के साथ प्रदेश के मंत्री रामविचार नेताम, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव और रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल भी साथ रहे।

### जीत का नया रिकार्ड बनाएंगे : किरणदेव

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा, कांग्रेस चाहे जितने दावे-पर-दावे करती रहे, आज इस नामांकन रैली और सभा में उमड़ा जनसमूह यह बता रहा है कि भाजपा रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में जीत का नया रिकॉर्ड बनाएगी। श्री देव ने सांसद बृजमोहन अग्रवाल के विधायक कार्यकाल में हुए कार्यों का जिक्र करते हुए उन कार्यों को और बेहतरीन गति प्रदान कर विकास की गंगा बहाने के लिए भाजपा और भाजपा प्रत्याशी श्री सोनी के तत्पर रहने का भरोसा दिलाते हुए श्री देव ने भाजपा को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की।

### सुनील ने दिया रायपुर का नया स्वरूप : बृजमोहन

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, आज रायपुर शहर का जो नया स्वरूप दिखाई देता है, उसकी नींव रखने वाले रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी हैं। श्री अग्रवाल ने कहा, भाजपा अब तक की सबसे बड़ी जीत दर्ज करने के संकल्प और विश्वास के साथ मैदान पर है।

### कांग्रेस ने जनता को लूटा : सोनी

सुनील सोनी ने नामांकन रैली में उमड़ी जनता और कार्यकर्ता की विशाल भीड को धन्यवाद देते हुए कहा, जनता ने कांग्रेस के भूपेश बघेल के पिछले 5 वर्ष के कार्यकाल को देखा है, उसने छत्तीसगढ़ को लूटने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उनसे परेशान होकर जनता ने भाजपा को चुना और रायपुर दक्षिण में भाजपा के बृजमोहन अग्रवाल को 67000 से अधिक मतों से जिताया। बृजमोहन अग्रवाल को भाजपा ने बड़ा दायित्व देकर रायपुर का सांसद बना दिया है और उस क्षेत्र के जनता की सेवा का मौका मुझे दिया है।

# कन्हैया पहुंचे नामांकन भरने, भूपेश-बैज का फोन आने पर लौटे



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव लड़ चुके कांग्रेस के टिकट के प्रबल दावेदार रहे वरिष्ठ नेता कन्हैया अग्रवाल शुक्रवार को अचानक अपना निर्दलीय के रूप में नामांकन दाखिल करने के लिए कलेक्टोरेट पहुंचे। इसकी जानकारी होने पर राजीव भवन में उपस्थित पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज ने तत्काल फोन करके उनसे बात की और समझाइश देकर नामांकन करने से रोका। कांग्रेस के दावेदारों में कन्हैया अग्रवाल का नाम भी था। उन्होंने इसके पहले 2018 के विधानसभा चुनाव में बृजमोहन अग्रवाल को कड़ी टक्कर देने का काम किया था। ऐसे में माना जा रहा था कि पार्टी उनको टिकट दे सकती है। उन्होंने प्रत्याशी तय होने से पहले नामांकन भी ले लिया था। पार्टी ने आकाश शर्मा को अपना प्रत्याशी बनाया, तो इसको लेकर नाराजगी सामने आई। पहले सोशल मीडिया में एक शायरी के माध्यम से श्री अग्रवाल ने अपने मन की बात रखी और अब इसके बाद अचानक वे नामांकन भी दाखिल करने पहुंच गए, लेकिन वरिष्ठ नेताओं के समझाने पर लौटे। श्री अग्रवाल ने हरिभूमि को बताया, नामांकन दाखिल करने मैं जरूर गया था, लेकिन तभी भूपेश बघेल और दीपक बैज ने फोन से बात करके मुझे समझाया कि मैं पार्टी का वरिष्ठ सदस्य हूं, पार्टी के लिए काम करूं। ऐसे में मैंने वरिष्ठ नेताओं का सम्मान करते हुए नामांकन न करने का फैसला किया और लौट आया। उन्होंने कहा, आकाश शर्मा को लेकर मेरा कोई विरोध नहीं है, वह मेरा छोटा भाई है। श्री अग्रवाल ने कहा, वे जरूर उनका प्रचार करने भी जाएंगे और कांग्रेस की जीत के लिए काम भी करेंगे।

## राष्ट्रपति से मिले भाजपा के पदाधिकारी...



**रायपुर।** भाजपा पदाधिकारियों ने शुक्रवार को राजभवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, राज्यपाल रमन डेका, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, विधायक लता उसेंडी सहित वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

**भाजपा-कांग्रेस के अलावा छोटे दलों के और निर्दलीय प्रत्याशी भी जमानत तक नहीं बचा पाते**

# उपचुनाव में जमानत राशि से प्रशासन को होगी मोटी कमाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में इस बार फिर प्रत्याशियों द्वारा नामांकन फार्म के साथ जमा कराई गई जमानत राशि के रूप में प्रशासन को मोटी कमाई होने की संभावना है। उपचुनाव में इस सीट के लिए 46 प्रत्याशियों ने नामांकन फार्म भरा है, वहीं 10 प्रत्याशियों ने एक से अधिक नामांकन फार्म जमा किए हैं। इन प्रत्याशियों द्वारा जमा कराई गई जमानत राशि 5 लाख 15 हजार रुपए प्रशासन के खाते में जमा हो चुके हैं।

इनमें एक प्रत्याशी ने जमानत राशि जमा नहीं कराई है, नहीं तो यह राशि बढ़कर 5 लाख 25 हजार तक पहुंच जाती। इन प्रत्याशियों में कितने प्रत्याशी अपनी जमानत राशि बचा पाते हैं, इसका पता तो चुनाव परिणाम के बाद ही पता चलेगा, लेकिन पिछले विधानसभा चुनाव के परिणाम को देखते हुए यह संभावना जरूर जताई जा रही है कि उपचुनाव में भी भाजपा-कांग्रेस के अलावा शायद ही कोई और प्रत्याशी अपनी जमानत राशि बचा पाएगा।

### पिछले चुनाव में 20 प्रत्याशी नहीं बचा पाए थे जमानत

इससे पूर्व रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट के लिए हुए चुनाव 2023 में भाजपा और कांग्रेस सहित कुल 22 प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतरे थे। इनमें बहुजन समाज पार्टी, आम आदमी पार्टी, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ सहित अन्य कई दलों के अलावा बड़ी संख्या में निर्दलीय प्रत्याशी भी थे। चुनाव परिणाम आए तो विजयी भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के अलावा कांग्रेस से खड़े महंत रामसुंदर दास ही अपनी जमानत राशि बचा पाए थे। इसके अलावा 20 प्रत्याशियों की जमानत राशि जब्त की गई थी। इससे प्रशासन को जमानत राशि के रूप में मोटी कमाई हुई थी।

### सातों विस सीटों पर 108 प्रत्याशी नहीं बचा पाए थे जमानत

वर्ष 2023 विधानसभा चुनाव में रायपुर जिले की सातों विधानसभा सीटों पर कुल 123 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा था। इनमें से सातों सीट पर भाजपा के विजयी प्रत्याशियों के अलावा कांग्रेस के 7 तथा एक निर्दलीय प्रत्याशी ही अपनी जमानत राशि बचा पाए थे, वहीं शेष 108 प्रत्याशियों की जमानत राशि जब्त हो गई थी। ये आंकड़े बताते हैं कि विधानसभा चुनाव में भाजपा-कांग्रेस के अलावा अन्य राजनीतिक दलों तथा निर्दलीय प्रत्याशियों के पक्ष में वोटिंग का प्रतिशत बहुत कम होता है, जिससे प्रत्याशी अपनी जमानत राशि तक बचा नहीं पाते हैं।

**5-10 हजार रुपए जमानत राशि जमा**

चुनाव आयोग के आदेश के अनुसार नामांकन पत्र जमा करने के दौरान अनुसूचित जाति एव अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए 5 हजार रुपए और पिछड़ा वर्ग सहित अन्य वर्ग प्रत्याशियों के लिए 10 हजार रुपए की जमानत राशि निर्धारित है।

## हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की समस्याएं दूर करने सांसद से की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सेजबहार स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की फेस-2 की समस्याओं को लेकर यहां के रहवासी सांसद बृजमोहन अग्रवाल से मिलने पहुंचे, जहां उन्होंने ज्ञापन सौंपकर समस्याएं दूर करने की मांग की। रेसीडेंट को-ऑपरेटिव सोसायटी के अध्यक्ष अनिल सिन्हा ने विज्ञप्ति के माध्यम से सांसद श्री अग्रवाल से मांग करते हुए बताया कि कॉलोनी की बॉउंड्रीवॉल जगह-जगह से क्षतिग्रस्त हो गई है, जहां से मवेशी कॉलोनी में प्रवेश कर जाते हैं। साथ ही चोरी का भी डर बना रहता है। इन्हें रोकने के लिए बॉउंड्रीवॉल का निर्माण कराने हाउसिंग बोर्ड को निर्देशित करें, ताकि कॉलोनीवासी सुरक्षित रह सकें।

## दक्षिण विस उपचुनाव के लिए 46 प्रत्याशियों ने जमा किए नामांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




रायपुर दक्षिण विधानसभा उप चुनाव के लिए नामांकन दाखिल की प्रक्रिया पूरी हो गई। नामांकन दाखिल के अंतिम दिन शुक्रवार को भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी सहित अन्य राजनीतिक दलों एवं निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी अपना नामांकन दाखिल किया।

इस तरह उपचुनाव के लिए कुल 46 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। इसके बाद अब 28 अक्टूबर नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी की जाएगी, वहीं 30 अक्टूबर तक प्रत्याशी अपना नामांकन वापस ले सकेंगे। नामांकन वापसी के बाद ही यह सुनिश्चित हो पाएगा कि चुनाव मैदान पर कुल कितने प्रत्याशी खड़े रहेंगे, जिनके बीच यह मुकाबला होना है।

### कई प्रत्याशियों ने एक से अधिक नामांकन फार्म भरे

नामांकन दाखिल करने वाले प्रत्याशियों में भाजपा और कांग्रेस के अलावा कई प्रत्याशियों ने एक से अधिक नामांकन फार्म भरे हैं। इस कारण कुल 46 प्रत्याशियों की तुलना में 57 नामांकन फार्म जमा हुए हैं।

### अंतिम दिन इन प्रत्याशियों ने जमा किए नामांकन

निर्दलीय से आशीष पांडे, नीरज दुबे, मो. शान अहमद, अब्दुल अजीम, चंद्र प्रकाश कुर्रे, प्रकाश कुमार उरांव, अदनान शाहीद, संतोष वर्मा, जयंत अग्रवाल, रमीज अलमास, मोहम्मद वसीम रिजवी, मो. इरफान खान, सलमान खान, अब्दुल शौकत गनी, रूबीना अंजुम, दीनबंधु गुप्ता, भारतीय सर्वजन हिताय समाज पार्टी से विक्रम अडवानी, हमर राज पार्टी से मनीष कुमार ठाकुर, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी से गोपीचंद साहू, भारतीय जनता पार्टी से सुनील कुमार सोनी, बहुजन मुक्ति पार्टी से कृष्णा चिंचखेडे, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से फरीद मोहम्मद कुरैशी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरद पवार से बृजनारायण साहू ने अपना नामांकन पत्र जमा किया है।


Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं: मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130



## बीएसएनएल कर्मियों ने किया प्रदर्शन, नारेबाजी

**रायपुर।** बीएसएनएल कर्मचारियों ने अपनी 3 सूत्रीय मांगों को लेकर देशभर में आंदोलन किया है। भोजनावकाश में कर्मचारियों ने दूरसंचार कार्यालय के मेनगेट पर नारेबाजी और प्रदर्शन किया। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए बीएसएनएल एम्प्लाइज यूनियन के सर्किल सेक्रेटरी आरएस भट्ट ने कहा कि सरकार वेतन संशोधन और पेंशन संशोधन के निपटारे से इंकार करके बीएसएनएल कर्मचारियों और पेंशनरों के साथ बहुत बड़ा अन्याय कर रही है। सर्किल सेक्रेटरी ने ठेका श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन, ईपीएफ और ईएसआई को सातवें वेतनमान के सिफारिश के अनुसार वेतनमान लागू करने की मांग की और केज्युअल वर्कर्स के लिए आईडीए में वृद्धि की मांग की गई। प्रदर्शन में डीके सिंह, महेश बोरकर, पीके वर्मा, हेमराज खैरवार, अमिता चंद्राकर, रामेश्वरी गौतम, दीपा, महेश उइके, अविनाश आदि शामिल हुए।

### निधन

## हरगुन मेघवानी

**रायपुर।** न्यू राजेंद्र नगर निवासी हरगुन मेघवानी का निधन हो गया।



वे पूज्य सिंधी पंचायत न्यू राजेंद्र नगर के संरक्षक, लोकतंत्र कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, होली एंजेल स्कूल के संस्थापक थे। उनका अंतिम संस्कार 25 अक्टूबर को राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे निर्मल मेघवानी के भाई थे।

# वित्त विभाग ने दो टूक कहा- निगम मंडल न दें बोनस, दिया हो तो रोकें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

दीपावली के मौके पर कर्मियों को दिए जाने वाले बोनस पर अब सरकार के वित्त विभाग की तलवार तन गई है। वित्त विभाग ने शासन के सभी विभागों और विभागाध्यक्षों के लिए आदेश जारी किया है कि विभाग के अंतर्गत स्थापित निगम, मंडल, उपक्रम, स्वायत्तशासी संस्थाएं बोनस दिए जाने पर रोक लगाएं। राज्य शासन की अनुमति के बिना कोई भी अतिरिक्त सुविधाएं न दें। खास बात ये है कि सरकार का यह आदेश ऐसे समय पर आया है, जब विद्युत मंडल ने अपने कर्मियों को दीपावली पर 12 हजार रुपए बोनस देने का आदेश जारी किया है। वित्त के जानकार सूत्रों की मानें तो विद्युत मंडल द्वारा जारी 12 हजार रुपए के बोनस को लेकर भी वित्त विभाग ने नाराजगी जताई है। माना जा रहा है कि इसी वजह से वित्त विभाग ने सरकार के सभी विभागों और विभागाध्यक्षों को इस पर रोक लगाने का आदेश दिया है। हालांकि अभी ये साफ नहीं है कि इस आदेश का विद्युत मंडल के बोनस पर क्या असर होगा।

## याद दिलाया 22 साल पुराना निर्देश, नहीं हो रहा है पालन

### नहीं माना जा रहा है ये निर्देश

वित्त विभाग ने ये भी कहा है कि शासन के ध्यान में यह बात लायी गई है कि कतिपय संस्थाएं स्पष्ट निर्देश के बावजूद उक्त अनुदेशों का पालन नहीं कर रही हैं तथा अपने कर्मचारियों को बोनस जैसी सुविधा प्रदान की जा रही है। लिहाजा अब वित्त विभाग ने समस्त प्रशासकीय विभागों से अनुरोध है कि विभाग के अंतर्गत स्थापित निगम मंडल, उपक्रम, स्वायत्तशासी संस्थाओं में बोनस भुगतान की समीक्षा करें तथा शासन की सहमति के बिना उपलब्ध कराई जा रही उक्त सुविधा को तत्काल प्रभाव से रोक लगायें। साथ ही समीक्षा के परिणाम को जल्द से जल्द वित्त विभाग को अवगत कराया जाये।




### वित्त ने जारी किया ये आदेश

सभी सरकारी विभागों और विभागाध्यक्षों को जारी आदेश में वित्त विभाग ने पूर्व में जारी निर्देशों का हवाला देते हुए कहा है कि राज्य शासन के 2002 में निर्देश में कहा गया था कि विभिन्न निगम, मंडल, उपकम, स्वायत्तशासी संस्थाएं इत्यादि अपने कर्मचारियों को वेतन भत्ते एवं अन्य सुविधायें राज्य शासन द्वारा दिये जा रहे सुविधाओं के अनुरूप ही प्रदाय करें तथा राज्य शासन की अनुमति के बिना कोई भी अतिरिक्त सुविधाएं न दें। यदि शासन की सहमति के बिना सुविधायें दी जा रही हो तो तत्काल प्रभाव से रोक लगाएं।

# पुरखौती में सरगुजा प्रखंड राष्ट्रपति ने किया लोकार्पण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को नवा रायपुर स्थित पुरखौती मुक्तांगन में सरगुजा प्रखंड का लोकार्पण किया। लगभग 5 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित सरगुजा प्रखंड में छत्तीसगढ़ के विशेष रूप से सरगुजा अंचल के आदिवासी समुदाय की जीवनशैली और उनकी सांस्कृतिक व पुरातात्विक धरोहरों को प्रदर्शित किया गया है। इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, केन्द्रीय आवास एवं शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू, कृषि मंत्री राम विचार नेताम, श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा, लोकसभा क्षेत्र रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक खुशवंत साहेब एवं रोहित साहू उपस्थित थे।

**सांस्कृतिक विरासत और पुरावैभव**

सरगुजा प्रखंड में सरगुजा अंचल के जनजातियों की अनुठी संस्कृति, सांस्कृतिक विरासत और पुरावैभव को प्रदर्शित किया गया है। सरगुजा अंचल के विभिन्न जनजातियों के निवास स्थल व उनकी जीवनशैली को सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया गया है, जिससे हम एक ही स्थल में विभिन्न आदिवासी समुदायों के रहन-सहन, संस्कृति से बेहतर तरीके से रूबरू हो सकते हैं।

सरगुजा प्रखंड में पण्डो जनजाति के पारंपरिक जीवन शैली को दर्शाते बांस और छिंद के पत्तों से बने घर को प्रदर्शित किया गया है। इन घरों में देवताओं के पूजा का विशेष स्थान होता है। इसी तरह पहाड़ी कोरवा जनजाति का आवास लकड़ी से बना होता है, जिसमें देवी-देवताओं की आकृतियां नक्काशी की जाती है। यह उनकी धार्मिक आस्था का प्रतीक है। प्रखंड में निर्मित सामत सरना शिव मंदिर डीपाडीह में प्राचीन मंदिरों के भग्नावेश की प्रतिकृति हैं, जो 7वीं-13वीं शताब्दी के हैं। यह स्थल पुरातात्विक और धार्मिक महत्व रखता है। इसी तरह कोरिया का बैकुण्ठपुर महल भारतीय वास्तुकला का उदाहरण है। यह महल 1946 में पूर्ण हुआ है, इसकी अपनी ऐतिहासिक महत्ता है, जिसको पुरखौती मुक्तांगन के सरगुजा प्रखंड में प्रतिकृति के रूप में निर्मित किया गया है।

# आईएमए का आरोप-आयुष्मान योजना में अड़ंगा लगाने की साजिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

## निजी अस्पतालों से मांगे शपथ पत्र

सरकारी डाक्टरों के कार्यरत नहीं होने का निजी अस्पतालों से मांगे जा रहे शपथ पत्र को आईएमए ने आयुष्मान योजना में अड़ंगा लगाने की साजिश करार दिया है। चिकित्सकीय संगठन के बैनर तले प्राइवेट अस्पताल में कार्यरत सरकारी चिकित्सकों ने जारी आदेश पर अपनी आपत्ति दर्ज कराई है। उनका तर्क है कि निजी अस्पताल में सरकारी डाक्टरों की उपलब्धता मरीजों के लिए अत्याधिक सुविधाजनक है। सरकारी भत्ता लेने के बाद निजी अस्पतालों का मोह नहीं छोड़ने वाले चिकित्सकों पर स्वास्थ्य विभाग सख्ती बरत रहा है। उनके द्वारा निजी अस्पताल प्रबंधन से आयुष्मान योजना के माध्यम से शपथ पत्र मांगा गया है कि उनके संस्थान में कोई भी शासकीय डाक्टर फुल टाइम, पार्ट टाइम अथवा ऑनकॉल ड्यूटी नहीं करता। उन्हें चेतावनी दी गई है कि शपथ पत्र के विपरीत उनके अस्पताल में चिकित्सक पाए जाते हैं, तो आयुष्मान योजना से उन्हें निलंबित कर दिया जाएगा। तर्क दिया जा रहा है कि शासकीय सेवा में कार्यरत डॉक्टर का किसी अस्पताल परिसर में प्रैक्टिस करना न केवल मरीज के लिए अत्यधिक सुविधाजनक है, बल्कि नियमों की प्रासंगिकता के अनुसार सहूलियत देने वाला है। इस मामले में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और अस्पतालों से जुड़े सरकारी डाक्टरों की आपात बैठक हुई। बैठक में आरोप लगाया गया है कि शपथ पत्र आयुष्मान योजना के बेहतर संचालन पर अवरोध लगाने का प्रयास है। इस मामले में मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों को पत्र भेजा गया है।

## पेज 11 के शेष

### वीवीआईपी काफिले के...

ट्रैफिक की रफ्तार काफी धीमी रही। माना, लालपुर, पचपेड़ी नाका से लेकर रायपुरा चौक तक जाम की स्थिति रही। गौरतलब है कि राष्ट्रपति के आगमन को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने पहले ही एडवाइजरी जारी कर दी थी। ट्रैफिक पुलिस द्वारा जारी एडवाइजरी के मुताबिक राष्ट्रपति के आगमन को देखते हुए रिंग रोड एक में सुबह 10 से लेकर शाम पांच बजे तक भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाने का उल्लेख किया गया था, बावजूद इसके रिंग रोड में भारी वाहनों का रेला देखने को मिला।

### रेत घाटों पर...

तेजी आएगी। इसके बाद ही कीमत में भी अच्छी गिरावट आएगी। रायपुर जिले में 13 रेत घाटों को ठेके पर दिया गया है। इनमें से 9 रेत घाटों को राज्य पर्यावरण विभाग से एनओसी मिली हुई है। इन घाटों पर ठेकेदार एनजीटी का प्रतिबंध हटते ही रेत उत्खनन का काम शुरू करा चुके हैं।

### गैंगस्टर अमन साव की...

फायरिंग कराने के आरोपी अमन साव के खिलाफ गंज थाना में भी एफआईआर दर्ज है। पुलिस ने अपराधिक घटना को अंजाम देने झारखंड तथा राजस्थान से आए अमन के गुर्गों को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने अमन के गुर्गों के बयान के आधार पर गंज थाना केस में अमन को गिरफ्तार किया है। तेलीबांधा शूटआउट मामले में गिरफ्तारी होना बाकी है।

### रेल नीर बोतल...

अनुमति है। इसमें हॉलमार्क अनिवार्य है, लेकिन बीते कई दिनों से जितनी भी पानी बोतल की सप्लाई हो रही है, उनमें से किसी में हॉलमार्क नहीं है। इससे नकली रेल नीर बिकने की भी आशंका है। नियमानुसार हॉलमार्क लगाने के बाद ही उन्हें स्टेशनों तक पहुंचाना है, लेकिन इसके बिना ही रायपुर व बिलासपुर सहित अन्य स्टेशनों में पानी की सप्लाई हो रही है। वेंडर्स ने आईआरसीटीसी से शिकायत की है। यात्री हॉलमार्क न होने पर खरीदने से आपत्ति भी जता रहे हैं। रेल नीर के साथ एक समस्या है कि 12 बोतलों की पैकिंग में दो से तीन बाटल में लीकेज आ रहा है। यह स्टाल व अन्य फूड यूनिट के लिए नुकसान है।

### ज्यादातर यात्री नहीं...

जानकारी ले सकते हैं। हॉलमार्क के अभाव में रेल नीर की बिक्री पर असर पड़ रहा है। यही नहीं, प्लांट से कैरेट में जब पानी पहुंचता है, तो दो से तीन बाटल में लीकेज रहता है। स्टॉल में रखे-रखे लीकेज के कारण पानी खाली हो जाता है। यह स्टॉल संचालकों को नुकसान है। इस मामले में जोन में आईआरसीटीसी के एरिया मैनेजर ने रेल नीर की इस समस्या की जांच कराने की बात कही है।

### हाईकोर्ट के आदेश पर...

से पुनः संस्था चयन की प्रक्रिया 13 अक्टूबर तक पूरी कराई गई थी। 15 को आवंटन सूची जारी की जानी थी, मगर एनआरआई कोटे का मामला सामने आने के बाद इसे स्थगित कर दिया गया था। पिछले दिनों हाईकोर्ट ने इस मामले में अप्रवासी भारतीय कोटे से एडमिशन लेने वालों को राहत दी थी। इसके बाद विभाग की ओर से खाली बची सीटों पर भर्ती के लिए पुनः प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। गुरुवार रात जारी आवंटन सूची के आधार पर शुक्रवार से दस्तावेजों की स्क्रूटनी और एडमिशन का काम शुरू कर दिया गया है, जो 29 अक्टूबर दोपहर दो बजे तक पूरा होगा। मॉपअप राउंड में तीन सरकारी मेडिकल कालेज की तीन सहित कुल 72 सीटों पर एडमिशन के लिए नीट के प्राप्तांक के आधार पर आवटंन किया गया है। इसी तरह बीडीएस की 41 सीटों का अलॉटमेंट भी किया गया है। सूत्रों का कहना है कि इसके बाद भी प्राइवेट मेडिकल कालेज में बीडीएस की सीट अधिक संख्या में खाली है जिस पर स्ट्रे राउंड के आधार पर एडमिशन दिया जाएगा।

# 'एक दीया श्रीराम के नाम', शुरुआत पंडरी कपड़ा मार्केट से

**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई युवा विंग का अभियान एक दीया श्रीराम के नाम के प्रथम दिवस पंडरी कपड़ा मार्केट से शुरुआत की गई, जिसमें बढ़ चढ़कर लोगों ने हिस्सा लिया। सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया, दीए के साथ पांच रंग की रंगोली का पैकेट भी वितरित किया जा रहा है। बहुत भावुक दृश्य था, लोग श्रीराम का नाम सुनकर दीए लेकर गए और लोगों ने कहा कि हम इस दीए को अपने मंदिर के पूजा स्थान में रखेंगे। विशेष रूप से महिलाएं जब रंगोली का पैकेट लेते ही कह रही थीं कि हम इसी रंगोली में जय श्रीराम की रंगोली बनाएंगे।



**ये हुए शामिल:** इस अवसर पर काउंसिल के अध्यक्ष ललित जैसिंघ, युवा विंग अध्यक्ष रवि ग्वालानी, पंडरी कपड़ा मार्केट के अध्यक्ष प्रीतपाल छाबड़ा, पूर्व अध्यक्ष चंदर विधानी, सरल मोढ़ी, जयचंद नवानी, मूलचंद खत्री, सुनील कुकरेजा, गौतम रेलवानी, जितेंद्र मलघानी, नरेश पंजवानी, आशीष वासवानी, सुशील दरीरा, जतिन नचरानी, महेश खिलनानी, जीतू लोहाना, मोहित रंगलानी, राजकुमार मनवानी, जय रेलवानी, रितेश रंगलानी, जय नानवानी आदि शामिल हुए।

## बिजनेस साइट

# शिवराज प्रकाशचंद भंसाली ज्वेलर्स में फेस्टिव कलेक्शन की नई रेंज

**रायपुर।** धनतेरस और दिवाली जैसे प्रमुख त्योहारों के मद्देनजर शिवराज प्रकाशचंद भंसाली ज्वेलर्स ने अपनी नई ज्वेलरी रेंज पेश की है। कोतवाली चौक एवं हलवाई लेन स्थित इस प्रतिष्ठान में गोल्ड, डायमंड और सिल्वर जड़ाऊ ज्वेलरी का एक विशेष कलेक्शन उपलब्ध है, जो समृद्धि, संस्कृति और खूबसूरती को प्रस्तुत करता है। शोरूम के युवा संचालक सुयश भंसाली ने बताया कि उनका व्यवसाय पिछले 70 वर्षों से ग्राहकों के हर खुशी और उत्सव में शामिल रहा है। चाहे त्योहार हो या शादी, यहां पर कान के झुमके, हाथों के कंगन, शाही आभूषण, और सादगी भरे गहने उपलब्ध हैं। इसके अलावा, सोने और चांदी के सिक्कों के साथ चांदी के गिफ्ट आइटम्स का भी समृद्ध कलेक्शन है। सुयश भंसाली ने ग्राहकों की पसंद के अनुसार ट्रेडिशनल ज्वेलरी और आकर्षक डिजाइन की नई रेंज पेश की है। यहां कस्टमाइज्ड ज्वेलरी की सुविधा भी उपलब्ध है।



# सुराना भवन में बेहतरीन रेडीमेड कपड़े 100 से 500 रुपए में

**रायपुर।** नेताजी सुभाष स्टेडियम के पास छोटापारा स्थित सुराना भवन में आयोजित रेडीमेड गारमेंट सेल में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों के कपड़े डायरेक्ट फैक्ट्री रेट पर उपलब्ध हैं। इस सेल में जींस, पैंट, शर्ट, टी-शर्ट, वेस्टर्न टॉप, लॉन्ग कुर्ता, वेस्टर्न कुर्ती और फैंसी कपड़ों की विशाल रेंज पर 90% तक छूट दी जा रही है। सेल में बड़े ब्रांड्स के लेडिज गारमेंट्स 100 से 550 रुपए तक और जेंट्स गारमेंट्स 100 से 750 रुपए तक उपलब्ध हैं। किड्स गारमेंट्स की कीमतें 100 से 550 रुपए के बीच हैं। संचालक ने बताया कि जेंट्स टी-शर्ट 250 रुपए, केजुअल शर्ट 150 रुपए, जींस 550 रुपए और महिलाओं के कपड़े 200 से 450 रुपए में बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। सेल में जेंट्स जीन्स ट्रॉउजर, कुर्ती और किड्स वियर भी बेहद किफायती दामों पर मिल रहे हैं। आयोजन का रिस्पॉन्स शानदार है और यह सेल सीमित समय के लिए है।




# अनंतरा मार्ट में गुणवत्ता और कम कीमत की गारंटी के साथ खरीदारी

**रायपुर।** अनंतरा मार्ट ने अपने उपभोक्ताओं के लिए एक विशेष ऑफर की पेशकश की है, जिसके तहत ग्राहक 1699 रुपए की खरीदारी करने पर दुबई जाने का मौका पा सकते हैं।

यह ऑफर 14 जनवरी 2025 तक लागू रहेगा। इस योजना के तहत उपभोक्ताओं को 7% से लेकर 70% तक छूट मिल सकेगी। यह ऑफर अनंतरा मार्ट के तीन मुख्य स्टोर्स में लागू रहेगा। ग्राहक इस ऑफर का लाभ ग्रॉसरी, फूड्स, डेलीनीड्स, केयर प्रोडक्ट्स, डेकोर, फर्निशिंग और स्टेशनरी आइटम पर उठा सकते हैं। खासतौर पर इंडक्शन चूल्हा 999 रुपए में एक साल की वारंटी के साथ उपलब्ध है, जबकि टिफिन बॉक्स की कीमत 499 रुपए है। त्योहारी सीजन के लिए विभिन्न प्रकार के उपहार और मिठाइयां भी उपलब्ध हैं, और बैग्स की कीमतें 599 रुपए से शुरू हो रही हैं। अनंतरा मार्ट के डायरेक्टर मयंक तिवारी और आकाश जैन ने बताया कि अनंतरा मार्ट में सबके लिए सबकुछ उपलब्ध है। हमारा उद्देश्य है कि यहां उपभोक्ता गुणवत्ता और कम कीमत की गारंटी के साथ खरीदारी कर सकें।

## फेस्टिव ऑफर के तहत दुबई जाने का अवसर





# प्लेटफार्म पर यात्रियों की मदद के लिए रहेगी 24 घंटे चिकित्सा टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पर्व के नजदीक आते ही रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ एक बार फिर बढ़ चुकी है। सामान्य दिनों में यात्रियों की आवाजाही जहां 50 हजार तक होती है, वह अब एक लाख से अधिक हो चुकी है। भीड़ के कारण यात्रियों को ट्रेन में सफर के दौरान कोई असुविधा न हो, इसके लिए रेलवे ने नई व्यवस्था बनाई है।

मंडल रेल प्रशासन से रायपुर एवं दुर्ग स्टेशनों पर अतिरिक्त स्टाफ लगाने का फैसला लिया गया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी के निर्देशन में दीपावली व छठ पूजा के त्योहार पर 20 रेलवे अधिकारियों ओर 10 मुख्य वाणिज्य निरीक्षकों को जिम्मेदारी दी गई है। यह टीम ट्रेनों में यात्रियों के चढ़ने, एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म का उपयोग करते समय सावधानी रखने, लिफ्ट ओवरलोड ना हो, एस्केलेटर का संचालन सही हो, यह सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ सुव्यवस्थित पार्किंग पर निगरानी रखेंगे।

### स्टेशन पर मिलेगी चिकित्सा सहायता

स्टेशन पर सीसीटीवी कैमरा, स्कैनर लगाए गए हैं। अतिरिक्त रेलवे सुरक्षा बल की व्यवस्था की गई है। महिला, बुजुर्ग दिव्यांग यात्रियों के लिए विशेष ध्यान दिया जा रहा हैं। गंभीर चिकित्सा सहायता हेतु स्टेशन पर रेलवे हॉस्पिटल की टीम 24 घंटे उपस्थित रहेगी। यात्रियों के लिए पेयजल एवं खानपान की व्यवस्था स्टेशनों पर उपलब्ध सभी स्टॉल एवं कैटरिंग यूनिटों को निर्देशित किया गया है कि यात्रियों से निर्धारित दरों के अनुसार ही खाद्य सामग्रियों को बेचा जाए।



- अतिरिक्त टीटीई के साथ टिकट बुकिंग करने 10 काउंटर की सुविधा
- दीपावली व छठ पूजा को लेकर रेलवे की विशेष तैयारी, यात्रियों की मदद करने अधिकारियों व वाणिज्य निरीक्षकों की तैनाती

### यात्रियों को असुविधा नहीं होगी

रेल मंडल में दीपावली व छठ पूजा के अवसर पर स्टेशनों में यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष तैयारी की है। यात्रियों को किसी भी तरह की असुविधा नहीं होगी।
- **अवधेश कुमार त्रिवेदी**, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक

### आरक्षित और अनारक्षित के 5-5 काउंटर

टिकट काउंटर पर यात्रियों की भीड़ न हो, इसलिए आरक्षित और अनारक्षित टिकट काउंटर की संख्या को बढ़ा दिया गया है। टिकट पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया गया है कि काउंटर पर भीड़ की व्यवस्था की निगरानी रखेंगे। उच्च अधिकारियों व वाणिज्य कंट्रोल को सूचित करेंगे। रायपुर स्टेशन पर 5 आरक्षित टिकट काउंटर व 5 अनारक्षित टिकट काउंटर उपलब्ध रहेंगे। दुर्ग स्टेशन पर 3 अनारक्षित काउंटर एवं 3 आरक्षित काउंटर उपलब्ध रहेंगे।

### टिकट जांच करने अतिरिक्त टिकट जांच स्टाफ

ट्रेन में भीड़ को नियंत्रित करने रेलवे ने टिकट जांच स्टाफ को बढ़ा दिया है। रायपुर व दुर्ग स्टेशनों के अतिरिक्त भिलाई पावर हाउस, तिल्दा नेवरा, भाटापारा बिल्हा, बालोद स्टेशनों पर अतिरिक्त टिकट जांच स्टाफ को तैनात किया गया है। ट्रेनों में टीटीई को निर्देशित किया गया है कि वह क्राउड मैनेजमेंट पर विशेष ध्यान देंगे। यात्रियों से सौम्य व्यवहार के साथ उन्हें अपने गंतव्य स्टेशन तक की यात्रा कराएंगे।

## खबर संक्षेप



### छा रहे बादल, आज हल्के रूप से बरसने के आसार

**रायपुर।** चक्रवाती तूफान के असर से राजधानी में आज भी छाए बादलों ने तेज धूप से राहत दिलाई। तूफान का रूप बदलने की वजह से कुछ इलाकों में हल्की बारिश होने के आसार हैं। बादलों की वजह से दिन के तापमान में गिरावट आई है, वहीं रात के तापमान में थोड़ी वृद्धि हुई है। बंगाल की खाड़ी में बना तूफान ओडिशा तथा पश्चिम बंगाल के तटीय इलाके तक पहुंच चुका है। धीरे-धीरे इसका स्वरूप बदलेगा और सिस्टम कमजोर होता जाएगा। विशेषज्ञों के अनुसार ठंड के मौसम में बनने वाला यह सिस्टम ज्यादा असरदार नहीं हुआ, क्योंकि अभी बंगाल की खाड़ी से नमी आ रही है।

### दिवाली का हवाला देकर नर्सिंग एडमिशन की तारीख एक माह बढ़ाने आईएनएसी को चिट्ठी

**रायपुर।** महीने के अंतिम दिनों में दिवाली का हवाला देकर नर्सिंग एडमिशन की अंतिम तिथि एक माह बढ़ाने इंडियन नर्सिंग काउंसिल को सिफारिश की गई है। डीएमई ने दिल्ली भेजे गए पत्र में बीएससी नर्सिंग प्रवेश के लिए न्यूनतम अंक खत्म करने का सुझाव भी दिया है। पत्र में इस बात का उल्लेख भी है कि बीएससी की 65 प्रतिशत सीटें अभी भी खाली हैं। चिकित्सा शिक्षा संचालक द्वारा भारतीय नर्सिंग काउंसिल को भेजे गए पत्र में इस बात का जिक्र किया गया है कि नर्सिंग कालेज से जुड़े विभिन्न संगठनों के पत्र के माध्यम से उन्हें बताया है कि बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रथम चरण की काउंसिलिंग के बाद स्वीकृत सीटों के विरुद्ध लगभग 35 प्रतिशत सीटों में ही प्रवेश हो पाया है। निजी नर्सिंग महाविद्यालयों की लगभग 65 प्रतिशत सीटें रिक्त हैं। उन्होंने बताया है कि प्रवेश परीक्षा में सफल हुए 14 हजार से ज्यादा अभ्यार्थियों को कम परसेंटाइल के कारण अपात्र माना गया है।

## खाद्य निरीक्षक को भी नोटिस जारी

# समय-सीमा में जमा नहीं की डिमांड ड्राफ्ट की राशि, राशन दुकान सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

समय-सीमा के भीतर डिमांड ड्राफ्ट की राशि जमा नहीं किए जाने के मामले में खाद्य विभाग ने एक उचित मूल्य की दुकान को निलंबित कर दिया है। साथ ही विभाग ने एक खाद्य निरीक्षक को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया है। खाद्य निरीक्षक के प्रभार क्षेत्र में संचालित एक राशन दुकानदार ने सितंबर की डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) की राशि जमा नहीं कराई है। इस संबंध में विभाग द्वारा खाद्य निरीक्षक को निर्देश दिए गए थे कि संबंधित दुकान के विरुद्ध उचित कार्यवाही करें, लेकिन इसके बाद भी खाद्य निरीक्षक ने इस मामले को गंभीरता से नहीं लेकर लापरवाही बरती। इस वजह से राशन दुकान में शक्कर का भंडारण नहीं हो पाया, जिसके कारण हितग्राहियों को भी शक्कर लिए बिना लौटना पड़ा था।

खाद्य विभाग के अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में राशन कार्ड धारकों के लिए एपीएल चावल और शक्कर का भंडारण किया जाता है। विभाग द्वारा जारी निर्देश के अनुसार राशन दुकानों को आबंटित एपीएल चावल और शक्कर का भंडारण कराने के लिए दुकान संचालकों को एडवांस में समय-सीमा के भीतर डिमांड ड्राफ्ट की राशि जमा कराना है। यह राशि जमा कराने के बाद ही दुकानों में एपीएल चावल और शक्कर का भंडारण किया जाता है, जिसके बाद संचालकों द्वारा कार्ड धारकों को खाद्यान्न वितरण किया जाता है। कई दुकान संचालक डीडी जमा कराने में लापरवाही बरत रहे है, जिसके कारण प्रशासन अब ऐसे दुकानों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। इसी निर्देश के परिपालन में जिला खाद्य विभाग ने जय महाकाल खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सेवा सहकारी सोसाइटी मर्यादित द्वारा संचालित राशन दुकान आईडी क्रमांक 44101253 को तत्काल प्रभाव से वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत निलंबित कर दिया है।

### निलंबित दुकान को किया गया अटैच

कार्ड धारकों को खाद्यान्न लेने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसका ध्यान रखते हुए निलंबित की गई दुकान को फिलहाल दुकान आईडी क्रमांक 441001060 जय शंकर प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भंडार कचना में अटैच किया गया है। यह संस्था कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड 26 में अलग से दुकान खोलकर हितग्राहियों को राशन सामग्री का वितरण करेगी।




### करेंगे कार्रवाई

कलेक्टर के निर्देश के तहत समय-सीमा पर डिमांड ड्राफ्ट की राशि जमा नहीं करने पर राशन दुकानों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसकी शुरूआत हो गई है। एक दुकान को निलंबित किया है। खाद्य निरीक्षण को भी काम में लापरवाही बरतने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।
- **भूपेंद्र मिश्रा**, जिला खाद्य नियंत्रक रायपुर

### खाद्य निरीक्षक से 3 दिन में मांगा गया स्पष्टीकरण

विभाग ने कार्य में लापरवाही बरतने के मामले में खाद्य निरीक्षक पुष्पा चौधरी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। एक उचित मूल्य की दुकान जिसका आईडी 40101258 द्वारा सितंबर माह का डिमांड ड्राफ्ट जमा नहीं किया गया है। इस संबंध में पुष्पा सोनी को निर्देशित किया गया था, लेकिन अब तक इस मामले में उनके द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है। विभाग ने इसे छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के विपरीत मानते हुए नोटिस जारी किया है।

# कैबिनेट 28 को, ओबीसी आयोग की रिपोर्ट पर लग सकती है मुहर

- निकाय-पंचायत चुनाव साथ करने का फैसला भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में सोमवार 28 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे कैबिनेट की बैठक मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर में आयोजित की गई है।

इस बैठक में छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की रिपोर्ट पर मुहर लग सकती है। एक दिन पहले ही आयोग ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपी है। इस रिपोर्ट में राज्य के नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में ओबीसी आरक्षण करने संबंधी अनुशंसा की गई है। राज्य सरकार को इस रिपोर्ट को मंजूरी देनी है। बताया गया है कि कैबिनेट की बैठक में रिपोर्ट में ओबीसी आरक्षण के लिए की गई अनुशंसा को मंजूरी देनी है। इसके बाद राज्य के नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के लिए आरक्षण तय होगा।

सरकार की मंजूरी के बाद इन चुनावों में आरक्षण की व्यवस्था होनी है। इस लिहाज से इस रिपोर्ट और कैबिनेट की बैठक को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इस साल के अंत से लेकर जनवरी फरवरी के बीच ये चुनाव होने हैं।

कैबिनेट की बैठक में इस बात पर भी विचार किया जा सकता है और निर्णय लिया जा सकता है कि ये दोनों चुनाव एक साथ कराए जाएं।







